डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया



# आधुनिक समाचार

हिन्दी साप्ताहिक संस्थापकः- श्री महेन्द्र अरोरा



वर्ष-11 अंक-46 प्रयागराज, रविवार 13 नवंबर 2022 से शनिवार 19 नवम्बर 2022 तक पृष्ठ- 8 मूल्यः 3 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### बाली में पीएम मोदी करेंगे ऋषि सुनक और इमैनुएल मैक्रों से द्विपक्षीय मुलाकात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली ।** पीएम नरेन्द्र मोदी और ब्रिटेन के भारतवंशी पीएम ऋषि सुनक के बीच पहली शीर्षस्तरीय मुलाकात अगले हफ्ते बाली में होगी। बाली में दोनो नेता जी20 देशों की शीर्ष बैठक में हिस्सा लेने के लिए इंडोनेशिया में होंगे। पीएम मोदी की ब्रिटिश पीएम के अलावा फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय बैठक भी तय है। कुछ दूसरे राष्ट्राध्यक्षों के साथ भी पीएम की मुलाकात होगी। पीएम मोदी इन दोनो वैश्विक नेताओं के अलावा कुछ दूसरे देशों के नेताओं से भी मिलेंगे। इसको लेकर भारतीय विदेश मंत्रालयों की बातचीत दूसरे देशों



के साथ हो रही है। पीएम मोदी 14 से 16 नवंबर तक बाली शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। सूत्रों ने बताया है कि भारत और ब्रिटेन के अधिकारियों के बीच मोदी और सुनक वार्ता को अंतिम रूप दिया जा चुका है। बाली में पीएम मोदी की होने वाली द्विपक्षीय वार्ताओं में यह सबसे महत्वपूर्ण होगा। यह पूछे जाने पर कि दोनो देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर बातचीत होगी या नहीं इसके जबाव में सूत्रों ने बताया कि द्विपक्षीय रिश्तों से जुड़े सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात होगी। सुनक के पीएम पद संभालने के बाद जो मोदी ने उनसे टेलीफोन पर बात की थी तब उसमें एफटीए को लेकर खास तौर पर बात हुई थी। दोनो नेताओं ने बाद में सोशल मीडिया के जरिए जानकारी दी थी कि उनके बीच समग्र व संतुलित एफटीए को लेकर सहमति बन गई है। मोदी और सुनक के बीच होने वाली इस मुलाकात में दोनो देशों के बीच द्विपक्षीय रिश्तों को लेकर तय रोडमैप 2030 की दिशा भी तय होने की संभावना है। इस रोडमैप की घोषणा मई, 2021 में मोदी और ब्रिटेन के पूर्व पीएम बोरिस जानसन ने की थी लेकिन उसके बाद वहां लगातार राजनीतिक अस्थिरता होने की वजह से इस बार बात आगे नहीं बढ़ पाई है।

## पीएम मोदी ने गणितज्ञ आरएल कश्यप के निधन पर जताया दुख कहा- 'निधन से आहत हूं'





**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को प्रख्यात गणितज्ञ आर एल कश्यप के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वैदिक अध्ययन में उनके प्रतिष्ठित काम को याद रखा जाएगा। पीएम मोदी ने ट्वीट कर गणितज्ञ आरएल कश्यप के निधन पर दुख व्यक्त किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, 'श्री आर एल कश्यप एक बहुआयामी व्यक्तित्व और महान विद्वान थे। उन्हें समृद्ध गणितीय और वैज्ञानिक ज्ञान प्राप्त था। उन्हें भारत की सांस्कृतिक जड़ों पर बहुत गर्व था और उन्होंने वैदिक अध्ययन में खुद को प्रतिष्ठित किया। उनके निधन से आहत हूं। उनके परिवार के प्रति संवेदनाएं। शांति।

## आंध्र प्रदेश को बड़ी सौगात पीएम मोदी बोले- हर क्षेत्र में राज्य के लोगों का नाम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली ।** पीएम नरेन्द्र मोदी मिशन साउथ पर हैं। कर्नाटक और तमिलनाडु के दौरे के बाद पीएम ने शनिवार को आंध्र प्रदेश का दौरा



किया। पीएम ने आंध्र प्रदेश को बड़ी सौगात दी। उन्होंने विशाखापट्टनम में 10,500 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी भी मौजूद रहे। बता दें कि पीएम बनने के बाद वे पहली बार विशाखापत्तनम का दौरा कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि ये शहर बहुत खास है। यहां हमेशा से ही व्यापार की समृद्ध परंपरा रही है। विशाखापट्टनम प्राचीन भारत का एक महत्वपूर्ण पोर्ट था। हजारों वर्ष पहले इस पोर्ट के जरिए पश्चिमी एशिया और रोम तक व्यापार होता था। आज भी विशाखापत्तनम भारत के व्यापार का केंद्र बिंदु बना हुआ है। आंध्र प्रदेश के लोगों ने बनाई विशिष्ट पहचान मोदी ने कहा कि बात चाहे शिक्षा की हो या एंटरप्राइज की या टेक्नोलॉजी की हो। हर क्षेत्र में आंध्र प्रदेश के लोगों ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। हमारा विजन है, समावेशी विकास का, इन्क्लूसिव ग्रोथ का। मोदी ने कहा कि सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी पर निर्भर करते हैं। इसलिए हमने इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को लेकर नई अप्रोच अपनाई। हमने विकास के इंटीग्रेटेड व्यू को महत्व दिया।पीएम मोदी 11 नवंबर को विशाखापट्टनम पहुंचे। उन्होंने यहां एक रोडशो किया।

## लबालब सड़कें, घुटने तक पानी, फिर भी छतरी लेकर शादी करने मंदिर पहुंचा जोड़ा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**तमिलनाडु।** देश के मौसम में अचानक से बदलाव देखने को मिल रहा है। पहाड़ों में बर्फबारी के चलते उत्तर भारत में ठंड बढ़ने लगी है। वहीं, दक्षिण भारत में लगातार बारिश हो




रही है। बारिश के चलते तमिलनाडु समेत कई राज्यों में तो लोगों को कई कठिनाईओं का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के कारण शहर में कुछ जगहों पर जलजमाव हो गया। इस बीच तमिलनाडु से बारिश के चलते अलग ही तरह की तस्वीरें सामने आई हैं। वहां के पुलियांथोप के अंजिनय्यर मंदिर में होने वाली शादियों के लिए लोग लाइनों में लगे दिखे। एक जोड़ा तो छतरी लेकर लबालब पानी में शादी करने पहुंच गया। तमिलनाडु के पुलियांथोप में भारी बारिश के चलते एक मंदिर में पानी जमा हो गया था। इसके कारण लोगों को अपनी शादियों के लिए कई महीनों की देरी के बाद भी लाइनों में लगकर शादी के लिए मंदिर में जाना पड़ रहा है। बारिश के चलते 5 शादियों में आज भी देरी हो गई। शादी समारोह के लिए घंटों से लोग लाइन में लगे पड़े थे। शादी के जोड़े बारिश में लगातार भीग रहे थे और वे मंदिर के अंदर जमा पानी से गुजर रहे थे। बता दें कि तमिलनाडु के कई हिस्सों में लगातार बारिश होने के चलते लोगों को कई कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। रामानाथपुरम, कुड्डालोर, विल्लुपुरम और राज्य में कई तटीय इलाकों में भी बारिश हुई।

## केंद्र सरकार ने ग्रीन एनर्जी खरीदने के लिए पोर्टल किया लांच पर्यावरण अनुकूल बिजली खरीदने की राह हुई आसान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने आम बिजली ग्राहकों को सीधे पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा खरीदने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सुविधा प्रदान की है। इसके लिए ग्रीन एनर्जी ओपन एक्सेस



नाम से एक पोर्टल लांच किया गया है। इस पोर्टल के जरिए सौ किलोवाट से ज्यादा बिजली की खपत करने वाले ग्राहक ग्रीन एनर्जी पोर्टल पर जा कर ग्रीन एनर्जी की उपलब्धता देख सकते हैं और उसे खरीदने का आवेदन कर सकते हैं। सरकार की तरफ से कहा गया है कि इस बारे में आवेदन को 15 दिनों के भीतर अनुमति दी जाएगी और अगर इस दौरान अनुमति नहीं मिलती है तो उसे स्वतः तरीके से स्वीकृत माना जाएगा। पोर्टल को लांच करते हुए बिजली मंत्री आर के सिंह ने कहा है कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और एकीकृत होगी। पोर्टल का नाम ग्रीनओपनएक्सेसडॉटइन नाम के इस पोर्टल की लांचिंग के लिए आयोजित कार्यक्रम में देश की सभी बिजली वितरण कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा, बिजली सचिव व राज्य सरकारों के अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। यह देश में रिनीवेबल एनर्जी को आम जनता तक पहुंचाने की एक बड़ी दिक्कत को दूर कर देगा। सौ किलोवाट का इस्तेमाल औद्योगिक या कारपोरेट सेक्टर में ही होता है। यह देश में रिनीवेबल एनर्जी के प्रसार में बहुत ही उपयोगी कदम साबित हो सकता है। बिजली मंत्री आरके सिंह ने कहा कि भारत में स्वच्छ व पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा की खरीद-बिक्री और उपभोग की राह में मौजूदा अड़चनों को दूर करेगा। दुनिया में 17 फीसद आबादी होने के बावजूद दुनिया में प्रदूषण में भारत की हिस्सेदारी सिर्फ 3.5 फीसद है। भारत रिनीवेबल एनर्जी उत्पादन क्षमता जोड़ने में दुनिया में सबसे आगे है। आने वाले दिनों में और भी कई कदम उठाये जाने हैं जिससे आम जनता तक पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा पहुंचाने में मदद मिलेगी।

## भारत का पहला निजी क्षेत्र का रॉकेट विक्रम एस 15 नवंबर को होगा लॉन्च, जानिए इसके बारे में

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली ।**भारत ने अंतिरक्ष के क्षेत्र में कई सफलताएं हासिल की हैं। अमेरिका की कंपनी स्पेस एक्स की तरह अब भारत भी प्राइवेट स्पेस सेक्टर में अपना कौशल दिखाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के लॉन्चपैड से अपना पहला निजी तौर पर विकसित रॉकेट, विक्रम एस 15 नवंबर को लॉन्च करेगा। हैदराबाद स्थित अंतरिक्ष स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस ने मंगलवार को ये घोषणा की है।बता दें कि भारत का पहला निजी तौर पर विकसित रॉकेट विक्रम-एस स्काईरूट एयरोस्पेस का पहला मिशन है जिसे प्रारंभ का नाम दिया गया है। इस मिशन पर दो भारतीय और एक विदेशी ग्राहकों के पेलोड ले जाएगा। स्काईस्पेस एयरोस्पेस ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा, दिल की धड़कन बढ़ गई हैं। सभी की निगाहें आसमान की ओर होती हैं। पृथ्वी सुन रही है। यह प्रक्षेपण के लिए 15 नवंबर 2022 की ओर इशारा करता है। स्काईरूट एयरोस्पेस के सीईओ और सह-संस्थापक पवन कुमार चंदना ने न्यूज एजेंसी को बताया कि मिसाइल लॉन्च सुबह 11:30 बजे होगा। भारत की पहली निजी अंतरिक्ष कंपनी एक रॉकेट लॉन्च मिशन के लिए पूरी तरह से तैयार है। ये भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए एक नए युग की शुरुआत होगी। भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के संस्थापक और प्रसिद्ध वैज्ञानिक विक्रम साराभाई को श्रद्धांजलि के रूप में स्काईरूट के लॉन्च व्हीकल का नाम विक्रम दिया गया है। विक्रम-एस रॉकेट एक सिंगल-स्टेज सब-ऑर्बिटल लॉन्च व्हीकल है जो तीन ग्राहक पेलोड ले जाएगा और अंतरिक्ष लॉन्च वाहनों की विक्रम श्रृंखला में अधिकांश तकनीकों का परीक्षण और सत्यापन करने में मदद करेगा। 'विक्रम' श्रृंखला में तीन रॉकेट हैं, विक्रम घ्, घ्घ् और




। ये रॉकेट अंतरिक्ष और पृथ्वी इमेजिंग से ब्रॉडबैंड इंटरनेट, जीपीएस और आईओटी जैसी संचार सेवाओं का समर्थन करेंगे। स्काईरूट एयरोस्पेस एक निजी कपंनी है जो हैदराबाद में स्थित है। स्काईरूट पहला स्टार्टअप है जिसने अपने रॉकेट लॉन्च करने के लिए इसरो के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस मिशन के जरिए किफायती और कम लागत के अंतरिक्ष उड़ान में प्रवेश बाधाओं को दूर हटाना है।

## 'अस्वीकार्य और पूरी तरह से गलत' राजीव गांधी के हत्यारों की रिहाई पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के हत्यारों को रिहा करने के आदेश दिए हैं। अदालत ने शुक्रवार को नलिनी और आरपी रविचंद्रन समेत 6 दोषियों को




रिहा करने का आदेश दिया। वहीं, कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर नाराजगी जाहिर की है। कांग्रेस ने फैसले की आलोचना करते हुए इसे अस्वीकार्य और पूरी तरह से गलत बताया है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला अस्वीकार्य- कांग्रेस कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी इसकी पार्टी इस फैसले की स्पष्ट रूप से आलोचना करती है। ये फैसला पूरी तरह से असमर्थनीय है। उन्होंने आगे कहा, 'पूर्व पीएम श्री राजीव गांधी के हत्यारों को रिहा करने का सुप्रीम कोर्ट का फैसला पूरी तरह से अस्वीकार्य और गलत है।

## तमिलनाडु में भारी बारिश का अलर्ट 26 जिलों के स्कूल और कॉलेज में छुट्टी जलभराव की है स्थिति

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली ।** तमिलनाडु में पिछले कई दिनों से जमकर बारिश हो रही है। बारिश के चलते राज्य के कम से कम 26 जिलों ने चेन्नई सहित स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए छुट्टी घोषित कर दी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने आज भी







पूरे राज्य में बारिश का अलर्ट जारी किया है। आइएमडी द्वारा अलर्ट जारी किए जाने के बाद प्रशासन ने स्कूलों में छुट्टी घोषित करने का निर्णय लिया है। तमिलनाडु के तिरुवल्लूर, कांचीपुरम, शिवगंगा, डिंडीगुल, मदुरै और अन्य जिलों में स्थित स्कूलों और कॉलेजों में छुट्टी घोषित की गई है। तिरुवल्लूर के जिला कलेक्टर ने शुक्रवार को कल (शनिवार) के लिए बारिश के पूर्वानुमान के आधार पर तिरुवल्लूर जिले के सभी स्कूलों और कॉलेजों में शनिवार के लिए छुट्टी की घोषणा की है। रिपोर्टों के अनुसार कांचीपुरम और मदुरै जिलों में स्कूल और कॉलेज दोनों बंद रहेंगे। हालांकि, शिवगंगा और डिंडीगुल जिलों में केवल स्कूल बंद रहेंगे। इस बीच, पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन रंगासामी ने भी भारी बारिश को देखते हुए सभी स्कूलों और कॉलेजों में आज छुट्टी की घोषणा की है। पुडुचेरी में भीषण जलभराव की वजह से बारिश की तस्वीरें भी सामने आई हैं। आईएमडी ने श्रीलंका के तट से दूर बंगाल की दक्षिण-पश्चिम खाड़ी के ऊपर संबंधित चक्रवाती परिसंचरण के साथ एक कम दबाव के क्षेत्र की सूचना दी है। इसके चलते अगले 24 घंटों में बारिश तेज होने की संभावना है। आईएमडी ने ट्विटर पर लिखा कि श्रीलंका तट से दूर बंगाल की दक्षिण-पश्चिम खाड़ी के ऊपर निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है, जो संबंधित चक्रवाती परिसंचरण के साथ मध्य-क्षोभमंडल स्तर तक फैला हुआ है। अगले 24 घंटों के दौरान इसके और अधिक तेज होने की संभावना है।

## वैश्विक आर्थिक चुनौतियों से साथ निपटेगा भारत और अमेरिका, साथ मिलकर रोकेंगे टेक्स चोरी और मनी लांड्रिंग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली ।** भारत और अमेरिका ने वैश्विक स्तर पर ऊर्जा और खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों को लेकर




चिंता जाहिर की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट येलेन के बीच शुक्रवार को इकोनामिक फाइनेंशियल पार्टनरशिप (इंझ्) की 9वीं बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में कहा गया कि दोनों देश वित्तीय आतंक, मनी लांड्रिंग और देश से बाहर होने वाली टैक्स चोरी को रोकने के लिए आपसी सहयोग को प्रोत्साहित करेंगे। अमेरिका ने जी-20 समूह की भारत की आगामी अध्यक्षता का भी स्वागत किया और कहा कि भारत की अध्यक्षता में कई प्रमुख वैश्विक चुनौतियों को लेकर जी-20 की बैठक में गंभीर चर्चा होगी। बैठक से पूर्व वित्त मंत्री सीतारमण ने एक भरोसेमंद साझेदार के तौर पर भारत का अमेरिका के साथ रिश्ते को मूल्यवान करार देते हुए कहा कि वर्ष 2021 में दोनों देशों के बीच होने वाला कारोबार 100 अरब डालर को पार कर गया। पिछले 12 सालों में भारत और अमेरिका के बीच रक्षा व्यापार जीरो से 20 अरब डालर के स्तर तक चला गया है। सीतारमण ने अमेरिकी वित्त मंत्री से यह भी कहा कि तमाम वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास पर असर नहीं पड़ा है और भारत वैश्विक अंधकार के बीच एक चमकता स्थान बनकर उभरा है। दोनों देशों ने जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने के उपाय को लेकर वित्तीय व्यवस्था पर भी गंभीर चर्चा की। जलवायु परिवर्तन से जुड़ी वित्तीय व्यवस्था में विकसित देशों द्वारा वर्ष 2025 तक हर साल 100 अरब डालर जुटाने के मुद्दे पर भी दोनों देशों ने चर्चा की।

## महाराष्ट्र से होकर गुजर रही भारत जोड़ो यात्रा,66वां दिन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी पिछले कई महीनों से भारत जोड़ो यात्रा पर हैं। कांग्रेस की यह यात्रा कर्नाटक से होते हुए महाराष्ट्र पहुंच गई है। शनिवार को भारत जोड़ो यात्रा महाराष्ट्र के हिंगोली के कलामनुरी से शुरू हुई है। यात्रा का आज 66वां दिन है। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे शुक्रवार को महाराष्ट्र के हिंगोली के कलामनुरी में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व में 'भारत जोड़ो



यात्रा' में शामिल हुए। रास्ते में खड़े लोगों को हाथ हिलाते हुए दोनों नेता कंधे से कंधा मिलाकर चलते हुए दिखे।इसके साथ ही उनकी पार्टी के सहयोगी और राज्य विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने आदित्य ठाकरे के साथ मार्च में शामिल हुए। पूर्व विधायक सचिन अहीर भी भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए। ाता दें कि पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे को भी महाराष्ट्र में चल रही कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।



# कर्मचारियों ने ग्राम प्रधान की जम कर धुनाई कर दी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**बारा/प्रयागराज ।** बांदा हाइवे पर स्थित उमापुर टोल प्लाजा पर कर्मचारियों ने पर कर्मचारियों ने रोक लिया और टोल टैक्स मांगने लगे। प्रधान के अनुसार यह कहने पर की मैं इसी गांव का हूं और



ग्राम प्रधान की जम कर धुनाई कर दी। प्रधान ने बारा पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस प्रकरण की जांच कर रही है। विवाद शुक्रवार शाम को हुआ है। क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरसेड़ी के मजरा उमापुर के पास बांदा हाइवे पर टोल प्लाजा स्थित है। ग्राम प्रधान सरसेड़ी राम भारतीय जसरा बाजार से अपनी कार से घर वापस लौट रहे थे। टोल प्लाजा टोल प्लाजा की व्यवस्था के अनुसार स्थानीय लोगों से टैक्स नहीं लिया जाता है।इसी पर कर्मचारियों ने अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया। विरोध करने पर पिटाई शुरू कर दी। प्रधान ने बारा पुलिस को लिखित सूचना दी है। इंस्पेक्टर बारा अनिल कुमार वर्मा के अनुसार प्रधान की शिकायत की जांच होगी। उसके बाद विधिक कार्यवाही की जाएगी।


## प्रयागराज महिला टीम ने ( राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं क्राइम कंट्रोल ब्यूरो ) का मनया स्थापना दिवस

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज ।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं क्राइम कंट्रोल ब्यूरो की 5 साल पूरे होने पर महिला टीम के द्वारा प्रयागराज में आज दिनांक 6 नवंबर 2022 को स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर प्राथमिक कन्या विद्यालय प्राइमरी स्कूल प्रयागराज मैं बच्चों को गुड टच बैड टच के बारे में अवेयरनेस प्रोग्राम किया और कई नए लोगों को सदस्यता भी दिलवाई गई इस कार्यक्रम में जिला प्रयागराज महिला अध्यक्ष श्वेता साहू , प्रयागराज जिला संरक्षिका नीता भरद्वाज जी , एक्टिव मेंबर पूनम सिंह जी , स्नेह लता जी और अन्य कई महिलाएं शामिल रहे। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं क्राइम कंट्रोल ब्यूरो के विषय में बताया गया और लोगों को जागरूक किया गया, इस कार्यक्रम की शुरुआत महिला जिला अध्यक्ष श्वेता और उनकी टीम के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया ।की टीम का स्वागत बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम के द्वारा किया और मिठाइयां फल इत्यादि बांटे गए कार्यक्रम बहुत ही सफल रहा और आगे भी इसी तरह कार्यक्रम संस्था के द्वारा होते रहेंगे यह संकल्प लिया गया।



# 12 नवंबर 2022 को जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज ।** प्रयागराज की टीम द्वारा डॉ राजेश कुमार, नोडल अधिकारी, एनसीडी सेल, प्रयागराज के नेतृत्व



में स्कूल मेंटल हेल्थ प्रोग्राम के अंतर्गत सी.ए.वी इंटर कॉलेज, प्रयागराज में मानसिक स्वास्थ्य और डिजिटल एडिक्शन विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गय कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. ईशान्या राज नैदानिक मनोवैज्ञानिक ने मानसिक स्वास्थ्य की अहमियत, मानसिक स्वास्थ्य संबंधित परेशानियां, सामान्य कारणों और डिजिटल एडिक्शन विषय पर चर्चा करते हुए कहा गया कि टेक्नोलॉजी हमारे जिंदगी को सरल और परेशानी मुक्त करने हेतु विकसित हुआ है ना कि हम टेक्नोलॉजी के गिरफ्त में जाकर के परेशानी युक्त हो जाए कार्यशाला का संचालन प्रधानाचार्य डॉ त्रिभुवन प्रसाद पाठक द्वारा बहुत ही कुशल ढंग से किया गया। सम्मिलित छात्र-छात्राओं ने खुलकर अपने अपने मानसिक स्वास्थ्य संबंधित परेशानियों पर चर्चा करते हुए गुस्सा कंट्रोल कर पाने में अक्षम पढ़ाई का प्रेशर, मोबाइल एडिक्शन, उदासी की समस्या, आत्मघाती व्यवहार पर मनोवैज्ञानिक तकनीकों को सीखने की लालसा दिखाते हुए खुलकर चर्चा की शिविर में डॉ राकेश कुमार पासवान मनोचिकित्सक, श्री शैलेश कुमार साइकैटरिस्ट नर्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण हेतु कन्ट्रोल रूम स्थापित

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रतापगढ़।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा ने अवगत कराया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अर्हता तिथि 01.01.2023 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का आलेख्य प्रकाशन दिनांक 09 नवम्बर 2022 को किया जा चुका है। आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 09 नवम्बर से 08 दिसम्बर 2022 तक दावें एवं आपत्तियां प्राप्त की जायेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय प्रतापगढ़ में कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है जिसका दूरभाष नम्बर 05342-297845 है।उन्होने समस्त जनसामान्य से अनुरोध किया है कि जिन व्यक्तियों की आयु 18 वर्ष हो गयी है या 01 जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हो यदि उनका नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित नहीं है तो अपने मतदान केन्द्र या सम्बन्धित तहसील में खुले मतदाता पंजीकरण केन्द्र से सम्पर्क कर फार्म प्राप्त कर सम्पूर्ण विवरण भरकर पता आयु का प्रमाण पत्र संलग्न कर सम्बन्धित के पास आवेदन जमा कर सकते हैं।

# शुआट्स एलुमनी एसोसिएशन ने कृषि इंजीनियरिंग पुराछात्रों का मिलन समारोह आयोजित किया

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नैनी/प्रयागराज।** शुआट्स एलुमनी एसोसिएशन के अपने डायमण्ड जुबली समारोह के अन्तर्गत वर्ष 1976 व 1978 बैच के कृषि इंजीनियरिंग पुरा छात्रों के लिए विश्वविद्यालय परिसर




में एक मिलन समारोह का आयोजन किया। देश के विभिन्न प्रान्तों से आए पुराछात्रों ने कृषि इंजीनियरिंग विभाग, पुस्तकालय आदि का भ्रमण किया और दशकों पुरानी अपनी यादों को ताजा किया। बता दें कि शुआट्स का एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग कॉलेज भारतवर्ष का पहला और विश्व का चौथा कॉलेज है जहां कृषि अभियांत्रिकी की डिग्री प्रारम्भ हुई। इसी इंजीनियरिंग कॉलेज के विशेषज्ञों और वैज्ञाकिों ने मिट्टी पलटने वाले यंत्र का पहली बार निर्माण किया जो किसानों के लिये वरदान साबित हुआ। एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं शुआट्स प्रति कुलपति (प्रशासन) प्रो. (डॉ.) एस.बी. लाल ने कहा कि शुआट्स ने दुनिया भर में कृषि और कृषि इंजीनियरिंग और संबद्ध शाखाओं के क्षेत्र में सेवा कर रहे प्रतिष्ठित व्यक्तियों को तैयार कर महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि एलुमनी एसोसिएशन की शुरुआत एक संघ के रूप में वर्ष 1946 में हुई थी, जब डॉ. ए. दयाल चंद के अध्यक्ष के नेतृत्व में पहली कार्यकारी समिति का गठन किया गया था। इस समिति ने वर्ष 1946 में प्रथम पुराछात्र बुलेटिन जारी किया। तब से हमें एक समृद्ध विरासत पर गर्व है जिसने हमारे मातृ संस्था के साथ एकजुटता और जुड़ाव के अर्थ को प्रतिपादित किया है। समारोह के दौरान विभिन्न राज्यों से आये पुरछात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया एवं स्मारिका का विमोचन व वितरण किया गया। कार्यक्रम के संयोजक यू0पी0 कृषि विभाग के सेवानिवृत्त चीफ इंजीनियर ई. डी एन शुक्ला ने कहा कि शुआट्स, कृषि शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान है। उन्होंने इस संस्था में अध्ययन के दौरान अपने अनुभव साझा किए। लखनऊ के डॉ. डी.एन. जोशी ने यह भी साझा किया कि अपने अध्ययन के दौरान उन्होंने कृषि इंजीनियरिंग की विभिन्न तकनीकों को सीखा जिसने उन्हें सफल बनाया। डॉ. संजय कुमार सामंतराय (उड़ीसा), प्रो. प्रणब कुमार रॉय (कोलकाता), प्रो. एस.एन. यादव (बिहार), डॉ एम रघु बाबू, डॉ वीरेंद्र नाथ पांडे, प्रो रंजीत सिंह, डॉ प्रतीक रंजन चौरसिया, ईएस नदीम उद्दीन, डॉ जगत नारायण प्रजापति आदि ने भी अपनी यादें साझा कीं। शुआट्स के पुराछात्र मेरठ एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. (डा.) के.के. सिंह किसी जरूरी कार्य के कारण कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके। एलुमनी एसोसिएशन के महासचिव प्रो. (डॉ.) डी.एम. डेनिस ने पुराछात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उपाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) आरिफ ए. ब्रॉडवे ने भी इस अवसर पर अपने विचार साझा किए. प्रो. (डॉ.) मो. गुफरान और प्रो. (डॉ.) जहांआरा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। डा. एल.वी.के. शर्मा, डा. डी.बी. सिंह, प्रो.डा. ए.के.ए. लॉरेन्स आदि उपस्थित रहे।

# यीशु दरबार बिशप के अभिषेक की दसवीं वर्षगांठ मनाई गई,विश्व शांति को लेकर डेंगू के बढ़ते मामलें पर निजात पाने के लिए हज़ारों हाथों से की गई प्रार्थन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज ।** प्रयागराज नैनी स्थित शुआट्स कुलपति प्रोफेसर राजेन्द्र बी. लाल के यीशु दरबार चर्च के बिशप अभिषेक की दसवीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गयी। वर्षगांठ के मौके पर डेंगू बीमारी से जूझ रहे लोगों को निजात मिले और इस बीमारी का प्रकोप रूके,इसको लेकर हज़ार हाथ एक साथ दुवाओं के लिए उठे। प्रार्थना के माध्यम से आए हुए लोगों ने ईश्वर



से विश्व शांति की कामना की गई। कार्यक्रम का संचालन प्रति कुलपति (पीएमडी) प्रोफेसर सर्वजीत हरबर्ट ने किया। शुरूआत प्रभु यीशु मसीह के प्रार्थना से हुई। उन्होंने कहा कि बिना क्रूस के मसीह के पास पहुंचना असम्भव है। मसीह के पास पहुंचने के लिये आपको घमण्ड को समाप्त करना होगा, ईर्ष्या व झूठ को त्यागना होगा। सच्चाई के मार्ग पर चलने पर ही हम मसीह तक पहुंच सकेंगे। उन्होंने बाईबल वचन साझा किया जिसमें यीशु मसीह ने कहा है कि पुनरूत्थान और जीवन मैं हूँ, जो यीशु मसीह पर विश्वास करेगा वो अनन्त जीवन प्राप्त करेगा। यदि हम विश्वास की अवस्था में होंगे तभी हमें अनन्त जीवन प्राप्त होगा।डा. सुधा लाल ने कहा कि प्रभु में बने रहने पर हमें आशीष मिलती है और सच्चाई के मार्ग पर चलने पर प्रभु प्रसन्न होता है।स्वामी प्रभाकर महाराज जी ने कहा कि यीशु दरबार में समस्त समुदाय के लोग मंच पर आसीत हैं, समाज का कल्याण और उत्थान ऐसे ही सम्भव हो सकता है। उन्होंने बिशप प्रो. राजेन्द्र बी. लाल को उनके महान कार्य के लिये बधाई दी।मौलाना शमशेर आलम ने बिशप डा. आर.बी. लाल को इंसानियत खिदमत की नजीर बताते हुए कहा कि यीशु दरबार को गंगा- जमुना तहजीब का केन्द्र बताया जो लोगों को सत्य पर चलने, दुश्मनों से प्रेम करने, धोखा नहीं देने का संदेश देता है।कुलाधिपति डा. जे.ए. ओलीवर ने शुआट्स और यीशु दरबार की ओर से बिशप डा. आर.बी. लाल और यीशु दरबार की उपाध्यक्षा डा. सुधा लाल को शॉल पहनाकर सम्मानित किया व बिशप महोदय को स्मृति चिन्ह दिया। उन्होंने बिशप डा. आर.बी. लाल को महात्मा फूले द्वारा पहनी जाने वाली विशेष टोपी के समान टोपी पहनाकर उन्हें महात्मा उपाधि से विभूषित किया।बिशप जगधारी मसीह व बिशप मोरीस एडगर दान ने विशेष प्रार्थना करते हुए परमेश्वर का धन्यवाद दिया कि परमेश्वन ने देश के कल्याण और शान्ति के लिये डा. आर.बी. लाल को बिशप के रूप में चुना।प्रोफेसर सर्वजीत हरबर्ट, डा. वी.एम. प्रसाद और रेव्ह जय प्रकाश ने सामूहिक भजन 'मसीह तुमरो मार्ग क्रूस से जावे। हंसराज यादव ने भी भजन की प्रस्तुति दी। यीशु दरबार के बच्चों ने मसीही गीत धन्यवाद से दिल मेरा भर के प्रभु की प्रस्तुति दी जिसने सबका मन मोह लिया।इस अवसर पर शुआट्स के प्रति कुलपति (प्रशासन) प्रोफेसर एस.बी. लाल, प्रति कुलपति (शैक्षिक) प्रोफेसर. जोनाथन ए. लाल, निदेशक प्रशासन विनोद बी. लाल, निदेशक आईक्यूएसी प्रोफेसर. ए.के.ए. लॉरेन्स, प्रो. रंजन ए. जॉन, रेव्ह. डेविड फिलिप्स, रेव्ह. वी.के. सिंह, रेव्ह. पी.जे जॉर्ज सहित निदेशकगण, कर्मचारी, शिक्षक एवं यीशु दरबार चर्च के सेवकगण के साथ विभिन्न जनपदों से आये श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# आम की फसल को कीटों से बचायें-जिला उद्यान अधिकारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रतापगढ़।** जिला उद्यान अधिकारी डा0 सीमा सिंह राणा ने बताया कि जनपद में आम की अच्छी उत्पादकता सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से यह आवश्यक है कि आम की फसल को सम-सामयिक हानिकारक कीटों से



बचाने हेतु उचित समय पर प्रबन्धन किया जाय।इसके लिए माह नवम्बर एवं दिसम्बर अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उन्होने बताया कि गुजिया कीट के शिशु जमीन से निकल कर पेड़ों पर चढ़ते है और मुलायम पत्तियों, मंजरियों एवं फलों से रस चूसकर क्षति पहुॅचाते है। इसके शिशु कीट 1-2 मिमी0 लम्बे एवं हल्के गुलाबी रंग के चपटे तथा मादा वयस्क कीट सफेद रंग के पंखहीन एवं चपटे होते है। इस कीट के नियंत्रण के लिये बागों की गहरी जुताई/गुड़ाई की जाये तथा शिशु कीट को पेड़ों पर चढ़ने से रोकने के लिये माह नवम्बर-दिसम्बर में आम के पेड़ के मुख्य तने पर भूमि से 50-60 सेमी0 की ऊचाई पर 400 गेज की पालीथीन शीट की 50 सेमी0 चौड़ी पट्टी को तने के चारो ओर लपेट कर ऊपर व नीचे सुतली से बांध कर पॉलीथीन शीट के ऊपरी व निचली हिस्से पर ग्रीस लगा देना चाहिये जिससे कीट पेड़ों पर ऊपर न चढ़ सके।इसके अतिरिक्त शिशुओं को जमीन पर मारने के लिये दिसम्बर के अन्तिम या जनवरी के प्रथम सप्ताह से 15-15 दिन के अन्तर पर दो बार क्लोरपाइरीफॉस (1.5 प्रतिशत) चूर्ण 250 ग्राम प्रति पेड़ के हिसाब से तने के चारो ओर बुरकाव करना चाहिये। अधिक प्रकोप की स्थिति में यदि कीट पेड़ों पर चढ़ जाते है तो ऐसी दशा में मोनोक्रोटोफॉस 36 ई0सी0 1.0 मिली0 अथवा डायमेथोएट 30 ई0सी0 2.0 मिली0 दवा को प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर आवश्यकतानुसार छिड़काव करें। इसी प्रकार आम के बौर में लगने वाले मिज कीट मंजरियों तुरन्त बने फूलों एवं फलों तथा बाद में मुलायम कोपलों में अण्डे देती है जिसकी सूड़ी अन्दर ही अन्दर खाकर क्षति पहुॅचाती है इस कीट के नियंत्रण के लिये यह आवश्यक है कि बागों की जुताई/गुड़ाई की जाये तथा समय से कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करना चाहिये इसके लिये फनिट्रोथियान 50 ई0सी0 1.0 मिली0 अथवा डायजिनान 20 ई0सी0 2.0 मिली0 अथवा डायमेथोएट 30 ई0सी0 1.5 मिली0 दवा प्रति लीटर पानी में घोलकर बौर निकलने की अवस्था पर एक छिड़काव करने की सलाह दी जाती है। कीटनाशक के प्रयोग में सावधानियॉ अवश्य बरते, कीटनाशक के डिब्बों को बच्चों व जानवरों की पहुॅच से दूर रखें, कीटनाशक का छिड़काव शाम के समय जब हवा का वेग अधिक न हो तब करना चाहिये अथवा हवा चलने की विपरीत दिशा में खड़े होकर करें। कीटनाशक के खाली पाउच/डिब्बों को मिट्टी में दबा देना चाहिए।

# 102 एंबुलेंस में गूंजी किलकारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
प्रयागराज। चाका यूपी 41जी 2173 102एंबुलेंस एक बार फिर वरदान साबित हुई जानकारी के अनुसार बंदना पत्नी गिरीश निवासी ग्राम मदौका चाका प्रयागराज इन दिनों गर्भ से थी तो वंदना को प्रसव पीड़ा



होने पर अपने घर वालों को सूचना दी तो उसके घर वालों ने 102 एंबुलेंस को फोन करके एंबुलेंस बुलाया 102 एंबुलेंस के ईएमटी जगदीश प्रसाद पायलट सुदीप के साथ मौके पर पहुंचे और बंदना को एंबुलेंस से ले जाने लगे तभी एम्बुलेंस गांव के समीप पहुँची ही थी कि अचानक वंदना का प्रसव पीड़ा बहुत बढ़ गया और ईएमटी जगदीश प्रसाद ने तुरंत तत्परता दिखाते हुए चालक को गाड़ी किनारे खड़ी करने के लिए कहा और पायलट ने सड़क के किनारे एम्बुलेंस खड़ी कर दी और गांव की आशा की मदद से एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया एक सुंदर पुत्र को जन्म दिया एवं प्रसव कराने के बाद जच्चा बच्चा दोनों को सुरक्षित सीएचसी चाकाअस्पताल में भर्ती कराया जहां पर जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं और जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित हैं । परिजनों ने एंबुलेंस के स्टाफ एवं एंबुलेंस व स्वास्थ्य सेवा का आभार प्रकट किया है। संवाददाता राकेश मिश्रा आधुनिक समाचार बारा।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना से समस्याग्रस्त क्षेत्रों का उपचार करायें-जिलाधिकारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में भूमि एवं जल संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, उप कृषि निदेशक डा0 रघुराज सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी-प्रथम डा0 रमेश चन्द्र, भूमि संरक्षण अधिकारी-द्वितीय विनोद कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह, जिला उद्यान अधिकारी डा0 सीमा सिंह राणा, जिला कृषि अधिकारी अश्वनी कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में भूमि संरक्षण अधिकारी-प्रथम डा0 रमेश चन्द्र द्वारा पूर्व वर्ष में समिति द्वारा अनुमोदित किये गये कार्यवृत्त के अनुपालन के सम्बन्ध में सदस्यों को अवगत कराया जिसमें पूर्व वित्तीय वर्ष में पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना में भूमि संरक्षण प्रथम इकाई एवं द्वितीय इकाई द्वारा क्रमशः 370.84 हेक्टेयर एवं 278.74 हेक्टेयर क्षेत्र का उपचार किया गया। खेत-तालाब योजनान्तर्गत प्रथम इकाई द्वारा 23 खेत-तालाब एवं इकाई द्वितीय द्वारा 24 खेत तालाबों का निर्माण कराया गया है। नाबार्ड योजना से पूर्व में निष्पादित परियोजनाओं के संरचनाओं में हुये टूट-फूट का मरम्मत कार्य कराकर अनुमोदित व्यय का उपभोग कर लिया गया। उन्होने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु इकाई प्रथम एवं द्वितीय द्वारा क्रमशः पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना में 1040.33 हेक्टेयर एवं 726.02 हेक्टेयर समस्याग्रस्त क्षेत्रों का उपचार कराने के लिये अनुमोदन हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। इसी क्रम में मनरेगा योजना हेतु इकाई प्रथम एवं द्वितीय द्वारा क्रमशः 355.86 हेक्टेयर एवं 278.22 हेक्टेयर समस्याग्रस्त क्षेत्रों का उपचार कराने के लिये अनुमोदन हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया गया। वित्तीय वर्ष 2022-23 में संचालित खेत तालाब योजना के प्रगति के सम्बन्ध में भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम द्वारा बताया गया कि मुख्यालय द्वारा जनपद को 18 तालाबों का लक्ष्य प्राप्त है जिसके सापेक्ष 11 तालाबों का कार्य निर्माणाधीन है, शेष तालाबों का कार्य मुख्यालय द्वारा पंजीकृत कृषकों को टोकन कन्फर्म होने पर विभागीय निर्देश के अनुसार सत्यापन कार्य पूर्ण कर प्रारम्भ कर लिया जायेगा। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि भूमि संरक्षण की दोनो इकाईयों में विकास खण्ड का आवंटन नही है जिस कारण दोनो इकाई एक ही विकास खण्ड में कार्य निष्पादित कर रहे है, इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि दोनो इकाईयों के मध्य विकास खण्ड का आवंटन शीघ्र कर दिया जाये एवं योजनाओं जैसे खेत तालाब योजना के प्रचार प्रसार हेतु उप कृषि निदेशक कार्यालय एवं विकास भवन के परिसर में योजना से सम्बन्धित दिशा निर्देश के होर्डिंग लगाये जाये तथा उप कृषि निदेशक को निर्देशित किया गया कि विभागीय पोर्टल के माध्यम से पंजीकृत कृषकों के रजिस्टर्ड फोन नम्बर पर एस0एम0एस0 के माध्यम से योजनाओं के बारे में सूचित करें। उन्होने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना से समस्याग्रस्त क्षेत्रों का उपचार करायें और शासन की अन्य योजनाओं का सकुशल सम्पादन करें इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय।



# बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा गुप्ता का मंत्री नन्दी और महापौर ने किया स्वागत

**प्रयागराज की छटा देख कर मोहित हूं अभिनेत्री ईशा गुप्ता बॉलीवुड अभिनेत्री के साथ ही उत्तर प्रदेश की बेटी होने पर है गर्वः ईशा गुप्ता फिल्मी दुनिया को आकर्षित करता है प्रयागराज नोएडा में फिल्म सिटी बनने से यहां के प्रतिभाओं को मिलेगी तरजीह उत्तर प्रदेश भारतीय संस्कृति का केंद्र बिंदू हैःनन्दी**

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** अपनी लगन और मेहनत से बॉलीवुड में एक महत्वपूर्ण मुकाम हासिल करने वाली बॉलीवुड की स्टॉर



अभिनेत्री ईशा गुप्ता आज अपनी मां सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती रेखा गुप्ता जी के साथ संगमनगरी प्रयागराज में उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री एवं प्रयागराज की महापौर श्रीमती अभिलाषा गुप्ता नन्दी के आवास बहादुरगंज पहुंचीं। जहां मंत्री नन्दी और महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने अभिनेत्री ईशा गुप्ता व रेखा गुप्ता का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। उन्होंने कहा कि प्रयागराज की जो महिमा सुनी है, यहां के बारे में तमाम माध्यमों से जो जाना और सुना है, वह यहां आने के बाद पूरी शिद्दत के साथ महसूस हो रहा है। ईशा गुप्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों के साथ ही प्रयागराज में भी विकास की असीम सम्भावनाएं हैं, जो फिल्मी दुनिया को यहां आने और फिल्में बनाने के लिए आकर्षित करती हैं। उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण संगम है, जो पूरे विश्व को प्रयागराज से जोड़ता है। ईशा गुप्ता ने मंत्री नन्दी से नोएडा में बन रहे फिल्म सिटी को लेकर भी विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की बेटी होने के नाते उत्तर प्रदेश के विकास के लिए उत्तर प्रदेश का नाम पूरे विश्व में रौशन करने के लिए जो भी बन पड़ेगा उसे करने में कहीं से पीछे नहीं हटेंगी। इस दौरान ईशा गुप्ता ने प्रयागराज के कई युवाओं से बातचीत की, जो विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक कार्य कर रहे हैं। प्रयागराज की छटा के साथ ही यहां की धार्मिक, सामाजिक और आर्थिक ख्याति को सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों के जरिये न सिर्फ भारत में बल्कि पूरे विश्व में फैला रहे हैं। मंत्री नन्दी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तरर प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए नोएडा में फिल्म सिटी स्थापित करने का जो संकल्प लिया है, उसे जरूर पूरा किया जाएगा। मंत्री नन्दी ने कहा कि फिल्मी दुनिया के लिए उत्तर प्रदेश में सब कुछ है। उत्तर प्रदेश भारतीय संस्कृति का केंद्र बिंदू है। प्राचीन पौराणिक कालखंड से लेकर अर्वाचीन काल तक देश की आजादी की लड़ाई में उत्तर प्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। यहां भगवान श्री राम से लेकर श्री कृष्ण तक की जन्मस्थली है। गंगा-यमुना की संगमस्थली प्रयागराज भी यहीं है।

## सम्पादकीय

# राजीव गांधी की पहल को आगे बढ़ाने और जीएम फसलों पर उत्पादक बहस की जरूरत

वर्ष 1985-86 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने आयात पर निर्भरता घटाने के उद्देश्य से खाद्य तेल उत्पादन बढ़ाने के लिए तिलहन प्रौद्योगिकी मिशन की शुरुआत की थी। वर्ष 1993-95 से तिलहन का उत्पादन दोगुना हो गया और भारत इस मामले में लगभग आत्मनिर्भर बन गया। आनुवंशिक रूप से परिष्कृत (जीएम) सरसों की किस्म को पर्यावरणीय मंजूरी मिलना वैज्ञानिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए जश्न का अवसर हो सकता है। आखिर यह पहला जीएम खाद्य है, जिसे पर्यावरण परीक्षण की मंजूरी मिली है। कहा गया है कि इससे खाद्य तेलों के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। भले ही ये दावे सच न हों, लेकिन कृषि वैज्ञानिकों का एक प्रमुख वर्ग और जैव प्रौद्योगिकी उद्योग निश्चित रूप से जानता है कि यह कम से कम देश में अन्य जीएम खाद्य पदार्थों के लिए दरवाजा खोल देगा। तथ्य यह है कि भारत 1.15 लाख करोड़ रुपये की लागत से खाद्य तेल की अपनी मांग का 55 से 60 प्रतिशत आयात करता है, जो निश्चित रूप से चिंताजनक है। तत्काल आवश्यकता आयात को कम करने की है और यह तभी हो सकता है जब घरेलू उत्पादन बढ़े। यह देखते हुए, कि देश में नौ खाद्य तेल फसलें उगाई जाती हैं, इस भारी कमी को पूरा करने के लिए हमें इन सभी फसलों के उत्पादन को बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। लेकिन यह समझ में नहीं आता है कि कम उपज वाली जीएम सरसों की किस्म सरसों का उत्पादन कैसे बढ़ा सकती है जीएम फसलों से जुड़े सभी मानव स्वास्थ्य और पर्यावरणीय जोखिमों को देखते हुए और यह जानते हुए कि जीएम सरसों किस्म की उत्पादकता कम है, इसे वैज्ञानिक कूड़ेदान तक ही सीमित रखा जाना चाहिए था। वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय चाहे कितना भी जोर दें, ये दावे वास्तव में निराधार और वैज्ञानिक रूप से अमान्य हैं। यह सच है कि देश में सरसों की औसत उत्पादकता 2,000 किलोग्राम/हेक्टेयर के वैश्विक औसत के मुकाबले 1,260 किलोग्राम/हेक्टेयर है, और निश्चित रूप से घरेलू उत्पादकता के साथ-साथ उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है। पर शायद जीएम सरसों को पर्यावरणीय मंजूरी देने वाला मंत्रालय यह भूल गया है कि प्रो. एमएस स्वामीनाथन ने क्या कहा था। जीएम का विकल्प सबसे अंत में आजमाना चाहिए, जब अन्य सभी उपलब्ध विकल्प खत्म हो जाएं। जीएम सरसों की किस्म-डीएमएच 11 से खाद्य तेल उत्पादन बढ़ाना, जिसकी उत्पादकता सरसों की कम-से-कम पांच उपलब्ध किस्मों की तुलना में कम है, एक वैज्ञानिक चमत्कार ही होगा। जीएम सरसों की उत्पादकता की तुलना अपेक्षाकृत खराब उपज देने वाली वरुणा किस्म से करके यह दावा करना कि यह 28 फीसदी अधिक उपज है, वास्तव में जीएम किस्म की कम उपज को छिपाने का चतुर तरीका है। किसानों के पास पहले से उपलब्ध पांच उच्च उपज देने वाली किस्मों में से (जो सभी गैर-जीएम किस्में हैं) तीन उसी डीएमएच श्रृंखला से हैं। आनुवंशिक रूप से परिष्कृत डीएमएच-11 किस्म की 2,626 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की उपज क्षमता के मुकाबले, पहले से उपलब्ध डीएमएच-4 किस्म की उपज क्षमता 3,012 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर है, जिसका अर्थ है कि यह जीएम सरसों किस्म की तुलना में 14.7 प्रतिशत अधिक उपज देती है। जीएम सरसों किस्म की उत्पादकता का मूल्यांकन करने के लिए सरसों की इस किस्म का उपयोग क्यों नहीं किया गया, यह स्पष्ट है। वैज्ञानिकों का मानना है कि जीएम सरसों कम से कम वैज्ञानिकों को और अधिक संकर किस्म पैदा करने के लिए एक उपकरण उपलब्ध कराएगी। हालांकि तथ्य यह है कि डीएमएच श्रृंखला का अर्थ है-धारा सरसों का संकर किस्म, और हमारे पास पहले से ही गैर-जीएम प्रौद्योगिकी के साथ उच्च उपज वाले संकर किस्म हैं। हमें यह आभास देने की कोशिश नहीं करनी चाहिए कि पारंपरिक किस्मों के साथ सरसों के संकर किस्म का उत्पादन नहीं किया गया है। भारत में सरसों की खेती 80 से 90 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में होती है। हैरानी की बात यह है कि बिहार और राजस्थान जैसे राज्यों में पैदावार पहले से ही अधिक है, जहां सरसों की गहन खेती प्रणाली का पालन किया गया। बिहार में सरसों की औसत उपज 3,458 किलोग्राम/हेक्टेयर है और राजस्थान में उससे थोड़ा ज्यादा 3,560 किलोग्राम/हेक्टेयर है, जो स्वीकृत जीएम सरसों की किस्म से काफी अधिक है। मध्य प्रदेश में, कृषि विभाग द्वारा एसएमआई उत्पादन प्रणाली लागू करने के बाद प्राप्त औसत पैदावार 4,693 किलोग्राम/हेक्टेयर के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई है। आश्चर्य है कि कृषि वैज्ञानिक एसएमआई खेती के तहत सरसों की खेती को बढ़ावा और विस्तार देने का प्रयास क्यों नहीं कर रहे हैं, खासकर यह देखते हुए कि मध्य प्रदेश में उपज जीएम किस्म की तुलना में लगभग दोगुनी है। एक ऐसे देश में, जहां सरसों के लिए एक विशाल आनुवंशिक विविधता मौजूद है, भारत को इसके बजाय भूली हुई पीली क्रांति से ऊपर उठने की जरूरत है। वर्ष 1985-86 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने आयात पर निर्भरता घटाने के उद्देश्य से खाद्य तेल उत्पादन बढ़ाने के लिए तिलहन प्रौद्योगिकी मिशन की शुरुआत की थी। यह देखते हुए, कि विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों के तहत, भारत के पास आयात शुल्क को अधिकतम 300 प्रतिशत रखने का विकल्प था, भारत ने किसानों को प्रौद्योगिकी, आकर्षक मूल्य प्रदान करके एक सक्षम वातावरण बनाया और प्रसंस्करण उद्योग के विकास को भी प्रोत्साहित किया। वर्ष 1993-95 से तिलहन का उत्पादन दोगुना हो गया और भारत इस मामले में लगभग आत्मनिर्भर बन गया। यह अपनी जरूरत का 97 फीसदी उत्पादन करने लगा और मात्र तीन फीसदी आयात करता था।

# मेक इन इंडिया की राह पर आगे बढ़ते भारत और मैन्यूफैक्चरिंग हब बनने के मायने

निश्चित रूप से जिस तरह भारत की नई लॉजिस्टिक नीति 2022 और गति शक्ति योजना का आगाज अभूतपूर्व रणनीतियों के साथ हुआ है, उससे भी भारत आर्थिक प्रतिस्पर्धी देश के रूप में तेजी से आगे बढ़ेगा। इस समय भारत मेक इन इंडिया ही नहीं, वरन मेक फॉर द ग्लोबल के मंत्र के साथ मैन्यूफैक्चरिंग हब बनने की जिस राह पर आगे बढ़ रहा है, उसकी चमक वैश्विक व्यापार के 75 फीसदी से अधिक हिस्से का प्रतिनिधित्व करने वाले जी-20 की बैठक में नजर आ सकती है, अगले साल जिसकी अध्यक्षता भारत करेगा। जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत के कोने-कोने में जी-20 के करीब 200 विभिन्न कार्य समूह की बैठकों के दौरान दुनिया नए सामर्थ्यवान भारत और उभरते हुए मैन्यूफैक्चरिंग हब को नजदीक से देख पाएगी। निस्संदेह भारत के मैन्यूफैक्चरिंग हब बनने की अनुकूलताएं एक के बाद एक उभरकर दिखाई दे रही हैं। हाल ही में तीन नवंबर को प्रकाशित 85 देशों के मैन्यूफैक्चरिंग से संबंधित विभिन्न कारकों का समग्र मूल्यांकन करने वाली विश्व प्रसिद्ध यूएस न्यूज ऐंड वर्ल्ड रिपोर्ट'-2022 के तहत सस्ते विनिर्माण के मद्देनजर भारत को 100 प्रतिशत अंक दिए गए हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ने चीन और वियतनाम को पीछे छोड़ते हुए दुनिया भर में सबसे कम 'विनिर्माण लागत' वाले देश का दर्जा हासिल कर लिया है। हालांकि इस रिपोर्ट में 'अनुकूल कर वातावरण' और 'पारदर्शी सरकारी नीतियां' जैसी श्रेणियों में भारत का प्रदर्शन अब भी सुधार योग्य कहा गया है। भारत के मैन्यूफैक्चरिंग हब बनने के परिप्रेक्ष्य में अधिक विनिर्माण लागत सबसे बड़ी चुनौती रही है, ऐसे में जहां अन्य प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में मैन्यूफैक्चरिंग लागत में कमी भारत के लिए सुकूनदेह है, वहीं देश में तेजी से आर्थिक सुधारों ने भी उसकी संभावनाओं को आगे बढ़ाया है। विगत तीन नवंबर को वडोदरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निजी क्षेत्र में देश के सबसे पहले सी-295 परिवहन विमान निर्माण संयंत्र का शिलान्यास करते हुए कहा कि पिछले आठ वर्षों में सरकार ने जिस तरह कई आर्थिक सुधारों को अपनाया है और कई प्रोत्साहन दिए हैं, उससे भी भारत मैन्यूफैक्चरिंग के एक बेहतर हब के रूप में उभरते हुए दिखाई दे रहा है।

# पाकिस्तान में नष्ट होती हिंदू विरासतों के बीच अपने वजूद को बचाने में जुटे अल्पसंख्य

पाकिस्तान में रहने वाला अल्पसंख्यक समुदाय हर वक्त डर के साए में जीता है। ऐसा इसलिए क्योंकि वहां पर अल्पसंख्यकों के लिए समान नियम कायदे नहीं है। ये इसलिए क्योंकि वहां के राजनेताओं की ही नहीं बल्कि सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोगों की सोच भी इसी तरह की है। इसका एक उदाहरण पाकिस्तान के दूसरे पीएम रहे ख्वाजा नजीमुद्दीन का वो बयान है जो उन्होंने उस वक्त दिया था जब पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों को लेकर सवाल उठाए जा रहे थे। उन्होंने कहा था कि वो नहीं मानते हैं कि धर्म किसी का निजी मामला हो सकता है। वो ये भी नहीं मानते हैं कि एक इस्लामिक देश में सभी का समान अधिकार होना चाहिए। उनके इस बयान में सीधेतौर पर निशाना अल्पसंख्यक समाज ही रहा है। इनमें भी हिंदू समुदाय के लोग वहां के कट्टरपंथियों के निशाने पर हमेशा ही रहे हैं। यही वजह है कि पाकिस्तान में हिंदू और दूसरे धर्म के लोग भी अपना वजूद बचाने की कोशिश में जुटे हैं। पाकिस्तान में हिंदुओं समेत सभी अल्पसंख्यकों के खिलाफ होने वाले अपराधों का ग्राफ भी काफी डराने वाला रहा है। पाकिस्तान में ईश निंदा कानून में आरोपी के लिए बचना बेहद मुश्किल है। इसमें जुर्माना, कठोर कारावास से लेकर उम्रकैद और फांसी की सजा तक का प्रावधान है। इस कानून की खास बात ये है कि इसमें किसी भी तरह के ठोस सबूत की अदालत के समक्ष पेश करने की भी जरूरत नहीं पड़ती है। इस तरह से ये कानून पाकिस्तान में रहने वाले अल्पसंख्यक समुदाय के हर व्यक्ति के ऊपर लटकी उस तलवार की तरह है तो कभी भी उसकी गर्दन को धड़ से अलग कर सकती है। 1997 में पाकिस्तान की कुल आबादी का करीब 10 फीसद अल्पसंख्यक थे जिसमें महज 1.6 फीसद हिंदू थे। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की खराब स्थिति पर समय-समय पर संयुक्त राष्ट्र भी नाराजगी दर्ज करवाता रहा है। 2017 के आंकड़ों के मुताबिक पाकिस्तान में हिंदुओ की आबादी 4.5 लाख से भी कम है। आंकड़ों के मुताबिक साल दर साल अल्पसंख्यंक समुदाय के खिलाफ होने वाले अपराध बढ़ते ही गए हैं। पाकिस्तान में अल्पसंख्यक और इनमें भी हिंदुओं की स्थिति की अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि वर्ष 2016 में सिंध में




जबरन धर्म परिवर्तन को कानूनी जामा पहनाने के लिए एक बिल असेंबली में रखा गया था, हालांकि गवर्नर ने इसे पास नहीं किया, जिसकी वजह से ये कानून नहीं बन सका था। पाकिस्तान में एक गैर सरकारी संस्था के मुताबिक 2014 में करीब 1000 लड़कियों का जबरन धर्म परिवर्तन कर उन्हें मुस्लिम बनाया गया था। इस पर जब काफी बवाल हुआ और मामला अंतरराष्ट्रीय मीडिया में पहुंचा तो 2019 में जबरन धर्म परिवर्तन करने के खिलाफ देश की नेशनल असेंबली में एक कानून पारित किया गया था। कोरोना महामारी के दौरान दी जाने वाली मदद से भी हिंदू और इसाई परिवारों को दूर रखा गया था। पाकिस्तान की सायलानी वेलफेयर ट्रस्ट ने इस बात का ऐलान किया था कि उनकी मदद केवल मुस्लिम परिवारों के लिए ही है। इस पर यूएस कमीशन आन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम की तरफ से कड़ी नराजगी दर्ज कराई गई थी। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर होने वाले हमले भी कोई नई बात नहीं हैं। मई 2010 के हमले में मारे गए 94 लोग अल्पसंख्यक समुदाय से ही ताल्लुक रखतेइस हमले की जिम्मेदारी तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान ने ली थी। ये हमला हालांकि अहमदिया को निशाना बनाते हुए किया था लेकिन निशाने पर अल्पसंख्यक ही थे। अहमदियाओं को पाकिस्तान में कभी मुस्लिम समुदाय का हिस्सा नहीं माना गया है। इतना ही नहीं देश के पूर्व राष्ट्राध्यक्ष और तानाशाह जिया उल हक ने तो उन पर खुद को मुस्लिम कहने पर ही रोक लगा दी थी। पाकिस?तान में रहने वाले हिंदू समुदाय की बात करें तो वो हमेशा ही अभाव में ही जीता रहा है। हिंदू समुदाय की लड़कियों का अपहरण, हत्या, दुष्कर्म और जबरन धर्म परिवर्तन की घटनाएं बेहद आम हैं। हिंदुओं के धार्मिक स्थलों को तोड़ना यहां के कट्टरपंथियों की पुरानी परंपरा का ही हिस्सा रहा है। जनवरी 2017 में जब अगवा की गई दो हिंदू लड़कियों को एक मदरसा से बरामद किया गया था तो यहां के कट्टरपंथी समुदाय ने हरीपुर जिले के मंदिर में जमकर तोड़फोड़ की थी। इससे पहले 2006 में लाहारै के हिंदू मंदिर को तोड़ा गया और वहां पर एक बहुमंजिला इमारत बना दी गई। मई 2010 में कराची में हिंदू समुदाय के लोगों पर हमला किया गया जिसमें 60 हिंदू घायल हुए थे। ये मामला एक मस्जिद में एक हिंदू के पानी पीने से जुड़ा था। इस घटना के बाद यहां पर रहने वाले करीब 400 परिवारों को उनके ही घर से बेदखल करने का ऐलान खुलेआम किया गया था1 2014 में पेशावर के हिंदू मंदिर पर हमला किया गया और जमकर तोड़फोड़ की गई थी। इस साल लरकाना में एक हिंदू मंदिर को आग के हवाले कर दिया गया था। पाकिस्तान मीडिया की रिपोर्ट बताती है कि 1990 के बाद से अब तक करीब 95 फीसद हिंदू मंदिरों को पूरी तरह से या तो नष्ट कर दिया गया है या फिर उनकी जगह कुछ और स्थापित कर दिया गया है। इस रिपोर्ट में हिंदू राइट मूवमेंट के आंकड़ों का जिक्र किया गया है। 2019 में पंजाब के एक मंत्री ने एक टीवी चैनल पर प्रसारित कार्यक्रम के दौरान खुलेआम हिंदू समुदाय पर तीखी टिप्पणी तक की थी। वर्ष 2021 में सिंध में हिंदू समुदाय के 60 लोगों के जबरन धर्म परिवर्तन कराने का मुद्दा काफी तूल पकड़ा था। पाकिस्तान हिंदू राइट ग्रुप की रिपोर्ट के मुताबिक देश में मौजूद करीब 428 मंदिरों में से केवल 20 ही ऐसे हैं जो आपरेट हो रहे हैं। अन्य की हालत बेहद खराब है और इस पर किसी का कोई ध्यान नहीं है। भारत में बाबरी मस्जिद मामले के बाद पाकिस्तान में बड़ी संख्या में हिंदू मंदिरों को नष्ट कर दिया गया था। इस तरह की घटना केवल एक प्रांत में ही नहीं हुई बल्कि सभी प्रांतों में इस तरह की घटनाएं हुई थीं। पाकिस्तान में पीएमएल-एन के हिंदू सांसद डाक्टर रमेश कुमार वंकवानी का कहना है कि हर साल देश से करीब 5 हजार हिंदू पलायन कर जाते हैं। अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने वाले ईश निंदा कानून की बात करें तो 1947 के बाद से अब तक करीब 1415 लोग इसका शिकार बन चुके हैं। पाकिस्तान थिंक टैंक सेंटर फार रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडी की रिपोर्ट के मुताबिक 81 लोगों की हत्या इस आरोप के तहत अब तक की गई है। इनमें 71 पुरुष तो 10 महिलाएं शामिल हैं।

# जलवायु परिवर्तन से जूझने का समय, वैश्विक तापमान में वृद्धि को सीमित रखने का लक्ष्य पाना मुश्किल

पृथ्वी को जलवायु परिवर्तन के कहर से बचाने के लिए इन दिनों मिस्र के शर्म अल-शेख में सीओपी27 के रूप में बड़ा आयोजन हो रहा है। इसमें 90 देशों के राष्ट्राध्यक्षों के अलावा 190 से अधिक देशों के प्रतिनिधि जुटे हैं, जो मुद्दे की गंभीरता को समझते हुए गहन मंथन में जुटे हैं। एक ऐसे समय में जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन की गंभीर चुनौती से जूझ रही है तो प्राचीन भारतीय परंपराएं उनकी मार्गदर्शक सिद्ध हो सकती हैं। प्राचीन काल से ही भारत का रवैया पारिस्थितिकी को लेकर बेहद सतर्क और संरक्षक जैसा रहा है। यजुर्वेद में पृथ्वी से लेकर अंतरिक्ष और समस्त ब्रह्मांड की शांति की कामना की गई है। भारत सीओपी27 में एक विशिष्ट क्लब का हिस्सा है। यह क्लब उन 20 देशों का समूह है, जिन्होंने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को घटाने




की दिशा में संशोधित योजनाएं पेश की हैं। अगस्त, 2022 में भारत ने अपनी जीडीपी की उत्सर्जन इंटेंसिटी घटाने का लक्ष्य संशोधित किया है। संशोधित लक्ष्य में इसे 2030 तक 45 प्रतिशत तक घटाना है, जबकि 2005 में इसमें 30 से 35 प्रतिशत कटौती की बात थी। सेंटर फार साइंस एंड एनवायरमेंट के अनुसार 2005 के बाद से उत्सर्जन इंटेंसिटी पहले ही 24-25 प्रतिशत तक घट गई है। भारत 2030 तक स्वच्छ ऊर्जा की हिस्सेदारी को बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने के लक्ष्य पर भी काम कर रहा है। वैश्विक तापमान पूर्व-औद्योगिक काल की तुलना में पहले ही एक डिग्री सेल्सियस बढ़ चुका है। यदि मौजूदा रवैये में कोई सुधार नहीं होता तो इस शताब्दी के अंत तक पृथ्वी का तापमान तीन डिग्री सेल्सियस और अगली शताब्दी के मध्य तक साढ़े चार डिग्री सेल्सियस तक बढ़ जाएगा। इससे समुद्र का स्तर बढ़ेगा और महासागरों में अम्लीयता बढ़ेगी। पूरी दुनिया इस समय 40 वर्ष पहले की तुलना में तीन गुना अधिक प्रतिकूल मौसमी परिघटनाओं से जूझ रही है। पिछले दो दशकों में 19 दिनों में दर्ज गर्मी ने सभी रिकार्ड तोड़ दिए। इतिहास के करीब 50 प्रतिशत सबसे भयंकर चक्रवात बीती दो शताब्दियों में आए। आशंका जताई जा रही है कि अगले 80 वर्षों में 50 करोड़ लोग पलायन के लिए बाध्य होंगे और चार करोड़ काल का ग्रास बन जाएंगे। पानी की किल्लत, खराब सेहत, भुखमरी और गर्मी के कारण उत्पादकता में गिरावट से सालाना 40 ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर का नुकसान होने का अनुमान है। एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय पत्रिका में हालिया प्रकाशित एक आलेख का यही सार है कि वैश्विक तापमान में बढ़ोतरी को डेढ़ प्रतिशत तक सीमित रखने के लक्ष्य ने दुनिया भर में जलवायु नीतियों को प्रभावित भले किया हो, लेकिन यह लक्ष्य पाना संभव नहीं लगता। इस मुहिम को सबसे बड़ा झटका विकसित देशों ने दिया है, जो अपनी प्रतिबद्धताओं पर खरे नहीं उतरे। जबकि इसका सबसे बड़ा खामियाजा कम प्रदूषण करने वाले देशों के नागरिकों को उठाना पड़ रहा है। ऐसे में भारी प्रदूषण करने वालों द्वारा इन देशों को क्षतिपूर्ति का मुद्दा सीओपी27 के एजेंडे में है। वास्तव में अपने तौर-तरीकों में बदलाव लाकर और गैस उत्सर्जन में कमी लाने पर ध्यान केंद्रित कर करोड़ों लोगों को दुश्वारियों से बचाया जा सकता है। इन दिनों देश की राजधानी दिल्ली और उसके आसपास की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं रही। दिल्ली में 6 नवंबर को पीएम 2.5 प्रदूषक के लिए खेतों में जलाई जा रही पराली 26 प्रतिशत तक जिम्मेदार रही। निःसंदेह कृषि क्षेत्र देश की 58 प्रतिशत आबादी की आजीविका का आधार है, लेकिन अब समय आ गया है कि उसमें समयानुकूल परिवर्तन किए जाएं। रियो डी जेनेरिया में 1992 में आयोजित अर्थ समिट में यूएन फ्रेमवर्क कन्वेंशन आन क्लाइमेट चेंज (यूएनएफसीसीसी) पर हस्ताक्षर किए गए थे, जिसमें 'कृषि के भविष्य' का खाका पेश किया गया था। संप्रति भारत में युवा नवप्रवर्तक और उद्यमी एग्रिटेक पर दांव लगा रहे हैं। समय की मांग है कि नीति-निर्माताओं और वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराने वालों द्वारा भी इसे व्यापक रूप से प्रोत्साहन दिया जाए। नवाचार करने वाले लोग इस कवायद में पौधों की उन प्रजातियों के विकास पर ध्यान केंद्रित करें जो कम पानी और ऊंचे तापमान में भी अस्तित्व बचाकर उत्पादन कर सकें। साथ ही वे कुछ विशेष बैक्टीरिया के नाइट्रोजन-मिश्रण वाले गुणों का लाभ उठाकर स्वयं को उर्वरता प्रदान करने में सक्षम हो सकें। पादप रोगविज्ञानी ऐसी पद्धतियां ईजाद कर सकते हैं, जिनमें पौधों के जैवरसायन संदेशवाहकों में परिवर्तन कर उन्हें तेजी से वृद्धि और व्यापक उत्पादन के लिए तैयार किया जाए। साथ ही तकनीक के प्रयोग को भी बढ़ाना होगा। जैसे पलेवा (टिलिंग) और कटाई के लिए सैटेलाइट नेविगेशन का सहारा लें। पानी और पोषक तत्वों की निगरानी के लिए सेंसर का इस्तेमाल हो ताकि किसान यह तय कर पाएं कि उन्हें कहां और कितने पानी एवं उर्वरक की जरूरत होगी। वहीं, पराली जलाने का कोई आर्थिक विकल्प और कृषि भूमि के आसपास सौर पैनल्स के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा जैसे तमाम समाधान तो सर्वविदित ही हैं। बस उन्हें व्यापक रूप से अमल में लाने की आवश्यकता है। इन परिवर्तनों को मूर्त रूप देने में असल मुद्दा वित्तीय संसाधनों का होगा। औसत जोत का आकार बहुत छोटा है। छोटे एवं सीमांत किसानों के पास बचत का अभाव होता है। ऐसे में किसान उत्पादक संगठन यानी एफपीओ जैसी संस्थाओं को आगे आकर तकनीक के प्रसार एवं उसकी लागत जैसे पहलुओं का भार वहन करना चाहिए। इसमें सब्सिडी और अनुदान के साथ ही कम ब्याज दर पर अग्रिम ऋण जैसी व्यवस्था की जानी चाहिए। इस दिशा में ग्लोबल सेंटर आन अडप्टेशन (जीसीए) का एक अध्ययन बताता है कि जलवायु परिवर्तन के लिए आवश्यक अनुकूलन पर आने वाली लागत उस भारी कीमत से कम ही होगी, जो हम जलवायु संबंधी आपदाओं और राहत एवं बचाव के मोर्चे पर चुकाने को मजबूर होंगे। वहीं किसानों और अर्थव्यवस्था को होने वाला लाभ सोने पर सुहागा होगा। उससे भी बढ़कर हम स्वच्छ वातावरण और स्वस्थ जीवन की नेमत से लाभान्वित होंगे।

# स्पष्ट जनादेश की ओर गुजरात भाजपा के लिए स्थितियां बेहतर बना रहे विरोधी

गुजरात विधानसभा चुनाव को लेकर विपक्षी दल जो भी दावा करें, यहां की जनता का भाजपा पर भरोसा कायम दिख रहा है। मोरबी जैसी बड़ी दुर्घटना के बाद भी स्थिति में कोई परिवर्तन होता नहीं दिख रहा है। वैसे भी ऐसी किसी बड़ी दुर्घटना से भारत में चुनावों का रुख परिवर्तन नहीं होता रहा है। मोरबी की घटना को लेकर हर कोई कह रहा है कि जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन झूले वाले पुल की मरम्मत करने वाली कंपनी के प्रमुख जयसुख भाई पटेल को सजा देने की मांग मुश्किल से ही सुनाई दे रही है। इसकी एक वजह यह है कि जयसुख पटेल प्रभावशाली पाटीदार समाज से आते हैं और इस समाज



को नाराज करने का साहस कोई दल नहीं दिखाना चाहता। पाटीदार समाज किस तरह भाजपा के साथ जुड़ा हुआ है, इसका अनुमान इससे लग जाता है कि पाटीदार आंदोलन समिति के खुले विरोध के बावजूद पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा सत्ता हासिल करने में कामयाब रही। पाटीदार आंदोलन का चेहरा बनकर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बनने में सफलता प्राप्त करने वाले हार्दिक पटेल को भी यह बात समझ में आ गई कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही गुजरात और देश का विकास कर सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी पर बेतुकी टिप्पणियां करके चर्चित हुए अल्पेश ठाकोर तो हार्दिक पटेल के पहले ही भाजपा के साथ आ चुके थे। यह अलग बात है कि उपचुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा।पिछले विधानसभा चुनाव के समय जब राहुल गांधी गुजरात में भाजपा को चुनौती दे रहे थे तो यही दोनों चेहरे थे, जिनके जोर से कांग्रेस के सत्ता में आने की उम्मीद बंध गई थी। 2017 के विधानसभा चुनाव में राहुल गांधी ने हार्दिक पटेल और अल्पेश ठाकोर के बनाए माहौल पर जो मेहनत की, उसका लाभ कांग्रेस को मिला और कांग्रेस पार्टी को 77 सीटें मिलीं। तब भाजपा विधानसभा में सीटों का शतक लगाने से चूक गई थी। यह अलग बात है कि 2017 से 2022 आते अब तक 18 विधायकों ने कांग्रेस का साथ छोड़ा। इन्होंने भाजपा में शामिल होकर और चुनाव जीतकर उसके विधायकों की संख्या 111 कर दी।गुजरात में अरविंद केजरीवाल पूरी ताकत झोंक रहे हैं तो राहुल गांधी अभी तक चुनाव प्रचार से दूर रहकर भारत जोड़ो यात्रा में व्यस्त हैं। अरविंद केजरीवाल ने माहौल बना रखा है और इसकी वजह से कांग्रेसी भी कहने लगे हैं कि आम आदमी पार्टी अगले चुनाव में बेहतर करेगी। कांग्रेसियों के साथ भाजपा नेता भी यह मानने लगे हैं कि आम आदमी पार्टी अगले चुनाव में कुछ कर सकती है।यह कांग्रेस के लिए मौजूदा चुनाव में और भाजपा के लिए अगले चुनाव के लिहाज से चिंता की वजह होनी चाहिए। यह अलग बात है कि मुख्यमंत्री उम्मीदवार देने के केजरीवाल के निर्णय ने आम आदमी पार्टी के माहौल को खराब किया है। पत्रकार से नेता बने इसुदान गढ़वी को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने पर गोपाल इटालिया की नाराजगी भले सामने नहीं आई हो, लेकिन आम आदमी पार्टी के तीसरे सबसे बड़े चेहरे इंद्रनील राज्यगुरु केजरीवाल का साथ छोड़कर फिर कांग्रेस में चले गए। इंद्रनील पिछले विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के खिलाफ लड़े थे और सबसे अमीर प्रत्याशी थे। दिल्ली और पंजाब की खबरों ने भी गुजरात में आम आदमी पार्टी का माहौल खराब किया है। दीपावली को देखते हुए जब दिल्ली में केजरीवाल सरकार ने पटाखों पर प्रतिबंध लगाया, तब अहमदाबाद के साबरमती रिवरफ्रंट पर कई बच्चे पटाखे चला रहे थे।दिल्ली से देश के दूसरे राज्यों का राजनीतिक चित्र कभी स्पष्ट नहीं दिखता। दिल्ली से दिखने वाला राज्यों का राजनीतिक चित्र असल चित्र का आवरण होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### विदेश सचिव क्वात्रा ने न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गुटेरेस से की मुलाकात

**न्यूयार्क ।** विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात की और गंभीर मुद्दों पर चर्चा की गई। इसकी जानकारी संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के हवाले से दी गई। गंभीर मुद्दों पर हुई चर्चा संयुक्त राष्ट्र में भारत के आधिकारिक ट्विटर हैंडल ने ट्वीट किया, विदेश सचिव महासचिवे से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने गंभीर चिंता के मुद्दों पर चर्चा की। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में अपनी ब्रीफिंग में विदेश सचिव ने वैश्विक समुदाय से सामूहिक रूप से उन लोगों को बाहर निकालने का आग्रह किया जो अमेरिकी प्रतिबंध शासन सहित आतंकवादियों का बचाव करते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर थे जहां उन्होंने बहुपक्षवाद में वैश्विक चिंताओं और चुनौतियों पर अपने विचार व्यक्त किए।

### ट्रंप की नई चाल

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद में 6 जनवरी, 2021 को हुई हिंसा की घटना की पूछताछ से बचने के लिए पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने नई चाल चली है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूएस कैपिटल पर 6 जनवरी के हमले की जांच कर रहे हाउस कमेटी पर मुकदमा दायर किया है। ट्रंप ने यह मुकदमा इसलिए दायर किया है ताकी गवाही देने की आवश्यकता वाले पूछताछ से बचा जा सके। शुक्रवार शाम को दायर मुकदमे में कहा गया है कि पूर्व राष्ट्रपतियों ने अतीत में कांग्रेस के सम्मनों के जवाब में गवाही या दस्तावेज प्रदान करने के लिए स्वेच्छा से सहमति व्यक्त की है। किसी भी राष्ट्रपति या पूर्व राष्ट्रपति को कभी भी ऐसा करने के लिए मजबूर नहीं किया गया है। ट्रम्प के वकील डेविड ए वारिंगटन ने पूर्व राष्ट्रपति के विचारों की घोषणा करते हुए एक बयान में कहा कि लंबे समय से चली आ रही मिसाल और प्रथा यह मानती है कि शक्तियों का प्रतिबंधित कांग्रेस को राष्ट्रपति को उसके सामने गवाही देने के लिए मजबूर करने से रोकता है।

# भाजपा किसान मोर्चा महानगर की बैठक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा नोएडा महानगर के जिला अध्यक्ष ओमवीर अवाना की अध्यक्षता में सेक्टर 26 स्थित विधायक पंकज



सिंह के कार्यालय पर जिला बैठक का आयोजन किया गया जिसमे पार्टी के आगामी कार्यक्रम जिला प्रशिक्षण वर्ग की रूपरेखा तैयार की गई । इस जिला बैठक को संबोधित करते हुए किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष ओमवीर अवाना ने सभी जिला पदाधिकारी और मंडल अध्यक्ष व मंडल महामंत्री को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी लोग जिला प्रशिक्षण वर्ग को सफल बनाने में जुट जाए। जिला प्रशिक्षण वर्ग को सफल बनाने के लिए जिला अध्यक्ष ओमबीर अवाना जी ने जिला उपाध्यक्ष अजय यादव को कार्यक्रम संयोजक और जिला उपाध्यक्ष रोहित शर्मा को कार्यक्रम सह संयोजक बनाया गया। इस मौके पर किसान मोर्चा के जिला महामंत्री घनश्याम यादव , मुक्तानंद प्रधान, उपाध्यक्ष इंद्राज खटाना, जिला मंत्री अनिल मास्टर ,सतपाल अवाना विजय अवाना, सर्वेश कुमार सिंह, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार झा, जिला मीडिया सह प्रभारी सौरभ बैसोया, जिला कार्यकारिणी सदस्य भागवत दयाल शर्मा ,अशोक यादव और मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार , शक्ति सिंह गुर्जर, प्रदीप शर्मा, महेश चंद्र, संजीव पटेल, मंडल महामंत्री बलवंत सिंह, हिमाशु शर्मा, रविन्द्र यादव, लीलू अवाना, एव बबलू यादव, आदेश यादव, श्याम प्रकाश, मनोज कुमार अग्रवाल, पंडित प्रदीप त्यागी सहित सभी जिला पदाधिकारी और मंडल अध्यक्ष व मंडल महामंत्री उपस्थित रहे।

# श्री विष्णु महायज्ञ' का दूसरा दिन श्री चरणों का अनुग्रह मिल जाए तो दुनिया में सिर्फ परमात्मा ही परमात्मा दिखता- परमपूज्य चिन्मयानंद बापू

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** महर्षि आश्रम सेक्टर-110 स्थित रामलीला मैदान में ब्रह्मलीन परम पूज्य महर्षि महेश योगी जी की दिव्य प्रेरणा से राष्ट्र की समृद्धि, शांति



और विकास के लिए 'श्री विष्णु महायज्ञ' के साथ परमपूज्य चिन्मयानंद बापू जी के श्रीमुख से द्वितीय दिवस कथा का श्रवण करने का अवसर श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ ।श्रीमद् भागवत कथा में परम पूज्य संत श्री चिन्मयानंद बापू जी ने कहा कि ड्ढ यदि हमें कथा का एक बार नशा लग जाए और परमात्मा के श्री चरणों में हमारा अनुग्रह हो जाए तो दुनिया में फिर हमें कुछ भी जंचता नहीं है सिर्फ परमात्मा ही परमात्मा दिखता है श्री सूत जी द्वारा ईष्ट देव पर पूछे गये सवाल का जवाब देते हुए पूज्य चिन्मयानंद बापू जी ने कहा कथा हमको यह सिखाती है कि हम पूजा सबकी करें लेकिन अपना विश्वास किसी एक देवता के श्री चरणों में ही रखें तभी हमारी भक्ति सार्थक है। भागवत कथा के द्वितीय दिवस पंडाल में आये हुए श्रद्धालुओं में भक्ति भाव देखते ही बन रहा था, जहां श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करते हुए भक्त मस्ती में झूमते हुए भी नजर आये ।इस कार्यक्रम में मदन चौहान विधायक गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा, पूर्व मंत्री उ.प्र. सरकार, का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अजय प्रकाश श्रीवास्तव, अध्यक्ष, महर्षि संस्थान, पूज्य हिमा श्रीवास्तव, राहुल भारद्वाज, उपाध्यक्ष, महर्षि संस्थान, पंकज शर्मा, सह सरंक्षक, आयोजन समिति, यादवेंद्र सिंह यादव अध्यक्ष, प्रबंध समिति, शिशुपाल सिंह, विनोद दीक्षित, शिशिर कान्त, विनोद श्रीवास्तव, श्रीकांत ओझा, एसपी गर्ग, ललन पाठक, राजेन्द्र शुक्ला, गिरीश अग्निहोत्री, कार्यक्रम संयोजक, रामेन्द्र सचान, कार्यक्रम संयोजक और संतोष वर्मा के साथ समस्त महर्षि परिवार और भारी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे ।

# सीएम योगी ने कसी कमर तो गार्डनिया ग्लोरी के निवासियों ने भी बढ़ाए कदम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा ऑथोरिटी के




अधिकारियों को रजिस्ट्री के मामले तेज़ी के साथ निपटाने के निर्देश दिये तो नोएडा की गार्डनिया एम्स ग्लोरी सेक्टर-46 के निवासियों ने भी रजिस्ट्री मार्च की तैयारी शुरू कर दी है। रविवार 6 नवंबर को गार्डनिया एम्स ग्लोरी के निवासी रजिस्ट्री करवाने की मांग को लेकर एक विशाल मार्च किया । इस मार्च में सैकड़ों निवासी हाथों में तख्तियां और बेनर लेकर नोएडा ऑथोरिटी से उनके फ्लैटों की जल्द से जल्द रजिस्ट्री शुरु करवाने की मांग की।इस मार्च की शुरुआत रविवार को सुबह 11 बजे गार्डनिया ग्लोरी के क्लब हाउस से ए, बी, सी ब्लॉक और मार्केट से वापस क्लब पर आकर समाप्त हुई। गार्डनिया एम्स ग्लोरी एसिसोसिशन के तत्वावधान में होने वाले इस मार्च को लेकर निवासियों में काफी उत्साह दिखी और उका कहना है कि बायर्स पूरा पैसा दे चुके हैं अब नोएडा अथॉरिटी बिल्डर से पैसे वसूले या छूट दे हमको कोई लेना देना नहीं हैं हमको हमारे फ्लैट की रजिस्ट्री चाहिये। गार्डनिया ग्लोरी सोसाईटी में करीब 1500 फ्लैट हैं, कुछ टावरों का ओसी आने के बावजूद अभी तक रजिस्ट्रेशन केवल इसलिये नहीं हो पाया है क्योंकि बिल्डर ऑथोरिटी के बकाए का भुगतान नहीं कर रहा है और मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। इसे लेकर पहले भी कई बार धना प्रदर्शन कर चुके हैं। नोएडा ऑथोरिटी भी कई बार बिल्डर को नोटिस दे चुकी है। इस सोसाइटी के लिए लोगों ने साल 2009 में फ्लैट बुक करवाए थे, 13 साल बाद भी फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है।

# दिल्ली मेट्रो के लाखों यात्रियों को राहत रेड लाइन पर चलेगी 8 कोच वाली मेट्रो ट्रेन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रा के जरिये राजधानी दिल्ली से यूपी के गाजियाबाद के बीच सफर करने वालों को दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने एक बड़ा



तोहफा दिया है।दिल्ली मेट्रो की सबसे पुरानी रेड लाइन पर भी अब आठ कोच वाली मेट्रो ट्रेनों का परिचालन होगा। 2024 तक 39 ट्रेनों में बढ़ेंगे कोच यात्रियों को राहत देने के लिए पहले चरण में आठ कोच वाले दो ट्रेन सेट तैयार किए गए हैं। चरणबद्ध तरीके से इस लाइन पर वर्ष 2024 तक 39 ट्रेनों में कोच बढ़ाने का काम पूरा किया जाएगा। इससे रिठाला से गाजियाबाद के शहीद स्थल नया बस अड्डा के बीच ज्यादा यात्री यात्रा कर सकेंगे।गाजियाबाद के लोगों को भी होगा फायदा मेट्रो के एक कोच में 50 यात्री बैठकर और कुल ढाई सौ तक यात्री यात्रा कर सकते हैं। इस तरह से अब प्रत्येक फेरे में पांच सौ ज्यादा यात्री यात्रा करेंगे। इससे सबसे ज्यादा लाभ यूपी के गाजियाबाद के यात्रियों को होगा, क्योंकि रेड लाइन मेट्रो नया बस अड्डा तक जाती है। दिल्ली मेट्रो के यात्रियों को सफर होगा आसान यात्रियों की संख्या को देखते हुए दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) अलग-अलग लाइन पर मेट्रो ट्रेनों में कोच की संख्या बढ़ाने का काम कर रहा है। येलो लाइन (समयपुर बादली-हुड्डा सिटी सेंटर) और ब्लू लाइन (द्वारका सेक्टर-21 से नोएडा इलेक्ट्रानिक सिटी/ वैशीली) पर सभी ट्रेनों को आठ कोच में बदलने का काम पूरा हो गया है। अब रेड लाइन पर यह काम शुरू किया गया है।इस लाइन पर छह कोच वाली कुल 39 ट्रेनें हैं। इन सभी को आठ कोच में परिवर्तित किया जाना है। इसके लिए 78 कोच खरीदे गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि नियमित सेवा में बाधा डाले बिना आठ कोच में परिवर्तित करने का काम पूरा किया जाएगा।

## सुकेश चंद्रशेखर के लेटर बम पर भाजपा की मांग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 200 करोड़ रुपये की महाठगी में आरोपित सुकेश चंद्रशेखर दिल्ली की मंडोली जेल से हाथों से लिखे पत्र अपने वकील के जरिये मीडिया में वायरल कर रहा है। इस पत्रों में सुकेश ने आम आदमी पार्टी के नेताओं अरविंद केजरीवाल, सत्येंद्र जैन और कैलाश गहलोत पर गंभीर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस पर भारतीय जनता पार्टी ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने मांग की है कि जांच की



कड़ी में सुकेश चंद्रशेखर, सत्येंद्र जैन और अरविंद केजरीवाल का लाइ डिटेक्टर टेस्ट किया जाना चाहिए। उन्होंने मंगलवार को पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि दिल्ली सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार के प्रतिदिन नए मामले सामने आ रहे हैं। सुकेश चंद्रशेखर के आरोप बेहद गंभीर हैं। भाजपा नेता ने कहा कि अब तक आप सरकार के किसी मंत्री या विधायक या नेता पर आरोप लगते थे। लेकिन, अब आरोप सीधे अरविंद केजरीवाल पर लग रहे हैं। जेल में बंद ठग ने मुख्यमंत्री पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उसने पत्र लिखकर मुख्यमंत्री व मंत्रियों को पैसे देने और संबंध की बात कही है। आप यह आरोप लगा रही है सुकेश से कोई पत्र लिखवा रहा है। आप सरकार को बताना चाहिए कि जेल दिल्ली सरकार की वहां बंद मंत्री भी उसका और जेल में सारी व्यवस्था भी उसकी। ऐसे में सुकेश से पत्र कौन कैसे लिखवा रहा है इसका जवाब देना चाहिए। सिर्फ बहाना बनाना और लीपापोती करने से काम नहीं चलेगा। जनता सच्चाई जानना चाहती है।

# पंचशील ग्रीन्स सोसायटी मे धडल्ले से हो रही है हरे पेड़ो की कटाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की पंचशील ग्रीन्स 2 सोसाइटी में सौंदर्यीकरण



के नाम पर निवासियों के द्वारा पिछले चार वर्षों में लगाए गए पेड़ों की अवैध कटाई बिल्डर ने करवा दिया। सुबह जब निवासियों ने कटे हुए पौधों को देखा तो पंचशील ग्रुप के मैनेजमेंट के फैसले पर सवाल किया व इसपर स्पष्टीकरण मांगा गया। जिस पर उनकी तरफ से कोई ठोस जवाब नहीं आया एवं सब लोग एक दूसरे के ऊपर टालमटोल की बात कह कर इधर-उधर बातें घुमाने लगे। तत्पश्चात निवासियों के द्वारा ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी में संपर्क किया गया जहाँ उन्होंने सोसाइटी का आंतरिक मामला बताते हुए पल्ला झाड़ कर वन विभाग से संपर्क करने बोला गया। अंत में परेशान रेजिडेंट वन विभाग के अधिकारियों से संपर्क साधा।जिसके बाद असिस्टेंट फॉरेस्ट ऑफिसर किताब सिंह द्वारा पुलिस के साथ सोसाइटी में आकर निरीक्षण किया गया एवं मौके पर उपस्थित एस्टेट मैनेजर को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया गया है। जबकि देखा जाए तो इसमें पूर्ण रूप से बिल्डर की ही संलिप्ता है और सोसाइटी अभी बिल्डर के द्वारा ही मैनेज/ मेंटेन किया जा रहा है।अतः समुचित कार्रवाई इनके ऊपर ही बनती है। वैसे यह भी देखना होगा कि क्या कानून सच में पंचशील ग्रीन्स 2 निवासियों को इसमें न्याय दिलवाएगा या अदने से कर्मचारी को पकड़कर कार्यवाही की खानापूर्ति का दिखावा करेगा! क्योंकि जहां एक तरफ पर्यावरण को बचाने की मुहिम उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के द्वारा की जाती है दूसरी तरफ उनके ही राज्य में बिल्डर उन्हीं के आदेशों को ठेंगा दिखाता है और प्रशासन उस पर कुछ भी नहीं करता है।

## हिमाचल में होगा परिवर्तन जनता के विश्वास की सरकार बनेंगी-सतेन्द्र शर्मा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** उत्तर प्रदेश काँग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश सदस्य एव हिमाचल प्रदेश की रेणुकाजी विधानसभा के सहपर्यवेक्षक सतेन्द्र शर्मा ने रेणुकाजी विधानसभा से काँग्रेस पार्टी के प्रत्याशी विनय कुमार जी के मुख्यचुनाव कार्यालय पर 12 नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए विस्तार से चर्चा करते हुये कहा है कि आप सभी काँग्रेस कार्यकर्ताओ को घर घर जाकर काँग्रेस पार्टी के प्रत्याशी का मजबूती से प्रचार प्रसार करना है लोगो को वोट के लिए जागरूक करना है जिससे काँग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को भारी मतों से विजय बनाए जाएं,काँग्रेस पार्टी की पूर्व राष्ट्रीय महासचिव आदरणीय प्रियंका गाँधी जी हिमाचल प्रदेश के अलग अलग विधानसभाओ में जनसभाएं कर रही है।


# इक्कीसवीं सदी भारत की सदी है इसमे युवाओं को अहम भूमिका निभानी है - राजनाथ सिंह



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** भारतीय शिक्षण मंडल युवा आयाम एवं रिसर्च फॉर रिसर्जन्स फाउंडेशन के तत्वाधान में युवा शोधवीर समागम -2022 का उद्घाटन गलगोटिया विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा में किया गया। इस कार्यक्रम में भारत सरकार में रक्षा मंत्री माननीय राजनाथ सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेकर दीप प्रज्वल्लित करते हुए शुभारम्भ किया । सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज की इक्कीसवी सदी भारत की सदी है इसके लिए आप सभी युवाओं को बहुत ही ईमानदारी के साथ में अपनी भूमिका निभानी होगी। हमें अपनी महान संस्कृति की विधाओं का अनुसरण करते हुए एक ऐसे भारत का निर्माण करना होगा जो भविष्य में विश्व गुरु कहलाएगा। उन्होंने आगे कहा कि जब भारत ने जीरो दिया तब जाकर विश्व ने गिनती करना सीखा। उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी को ग्लोबल यूथ का आइकन बताया। गलगोटिया विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति सुनील गलगोटिया ने कहा कि आज विश्व जिस विज्ञान को मान रहा है उस विज्ञान की गहनता को हमारे मनीषियों ने प्राचीन काल में ही सिद्ध करके शास्त्रों में अंकित कर दिया था। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ध्रुव गलगोटिया ने सभी अथितियों को शॉल और स्मृती चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया। इस दौरान अखिल भारतीय शिक्षण मंडल के अध्यक्ष डॉ0 सच्चिदानंद जोशी, भारतीय शिक्षण मंडल की युवा आयाम प्रमुख नीता बाजपाई, रिसर्च फॉर रिसर्जन्स फाउंडेशन के सचिव राजेंद्र पाठक, गौतमबुद्ध नगर के सांसद डॉ महेश शर्मा और जेवर विधान सभा के विधायक धीरेन्दर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# संदीप के इंस्टाग्राम अकाउंट पर 167 पोस्ट, 100 से ज्यादा खालिस्तान सोच वालीनवीन राजपूत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अमृतसर ।** हिंदू नेता और शिवसेना (टकसाली) के अध्यक्ष सुधीर सूरी की हत्या के मामले में विशेष जांच टीम (एसआइटी) ने सोमवार को जांच शुरु कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पूछताछ में आरोपित संदीप सिंह सूरी की इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट की गई एक वीडियो से आहत था। इसी कारण उसने उसे गोलियां मारने की बात कही है। मगर पुलिस दिन जैसे ही उसने सूरी को अपनी दुकान के पास देखा तो उसने गोलियां मारकर उसकी हत्या कर दी। जांच में यह बात भी सामने आई है कि न्यू प्रताप नगर के रहने वाले संदीप ने वर्ष 2016 में हथियारों का लाइसेंस बनवाया था। इसके कुछ समय बाद ही आरोपित ने पिस्तौल भी खरीद ली। उसे हथियार चलाने का शौक है। वह 2019 तक सहजधारी था। एसआइटी ने संदीप सिंह की बाल



खालिस्तान समर्थन के एंगिल को नजरअंदाज नहीं कर रही है। जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपित के इंस्टाग्राम अकाउंट पर 167 वीडियो अपलोड की गई हैं। इनमें से 100 से ज्यादा खालिस्तान समर्थक सोच और हथियारों के प्रदर्शन से जुड़ी हुई हैं। आरोपित की एक वीडियो में वह अपनी पिस्तौल से हवाई फायरिंग करते हुए भी दिख रहा है। एसआइटी के एक अधिकारी ने बताया कि पूछताछ में संदीप ने कहा है कि वह सुधीर सूरी की इंटरनेट मीडिया पर एक भड़काऊ पोस्ट से आहत था और घटना वाले कटिंग वाली कई फोटो उसके इंटरनेट मीडिया अकाउंट से बरामद की हैं। आरोपित संदीप सिंह की मजीठा रोड पर स्थित रेडीमेड कपड़ों की दुकानों का केस भी कोर्ट में विचाराधीन हैं। आरोप है कि संदीप ने दुकान मालिक को कई महीने किराये का भुगतान नहीं किया था। परिवार अब तक भूमिगत एसआइटी के एक अधिकारी ने बताया कि संदीप सिंह के परिवार से बात करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन सभी सदस्य भूमिगत हैं। परिवार से बात होने पर संदीप के बारे में कई जानकारियां मिलने की उम्मीद है।

# रेणुकाजी विधानसभा मे प्रचार प्रसार जोरो पर है- सत्येन्द्र शर्मा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा ।** उत्तर प्रदेश काँग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश सदस्य एव हिमाचल प्रदेश की रेणुकाजी विधानसभा के सहपर्यवेक्षक सतेन्द्र शर्मा ने रेणुकाजी विधानसभा से काँग्रेस पार्टी वादे जो काँग्रेस ने किए है सरकार बनते पूरे होंगे काँग्रेस पार्टी जो कहती है करके दिखती है भाजपा ने सिर्फ जनता से झूठे वादे करके सत्ता काबिज करने का काम किया है,श्री विनय कुमार जी आपके



के प्रत्याशी विनय कुमार के साथ जनसम्पर्क कर 12 नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए स्थानीय लोगो से हाथ के सामने वाला बटन दबाकर भारी मतों से विजय बनाने की अपील की,सहपर्यवेक्षक सतेन्द्र शर्मा ने लोगो से कहा है कि दस अपने बीच के प्रत्याशी है हर समय जनता के लिए समर्पित रहते है आप सभी का भारी समर्थन इनको पुन जीताकर विधानसभा भेजेगा,हिमाचल प्रदेश में जनता परिवर्तन चाहती है भाजपा के राज में जनता परेशान है महँगाई लागतार बढ़ती जा रही है।

# दिल्ली में BS3 और BS4 वाहनों पर 13 नवंबर तक पाबंदी, पकड़े गए तो कटेगा 20 हजार का चालान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में ग्रेप के चौथे चरण के तहत लगाई गई पाबंदियों को हटा लिया गया है। वहीं,



दिल्ली में बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल वाहनों की आवाजाही पर 13 नवंबर तक प्रतिबंध बरकरार रखा गया है। ऐसे वाहनों को मिली छूट परिवहन विभाग ने एक आदेश में कहा कि नियम का उल्लंघन करते हुए वाहन चलाते पाए जाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत मुकदमा चलाया जाएगा, जिसमें 20,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। आपातकालीन सेवाओं के लिए तैनात वाहन और सरकार और चुनाव संबंधी कार्य प्रतिबंध के दायरे में नहीं आते हैं।अगर कोई बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल एलएमवी सड़कों पर चलता हुआ पाया जाता है, तो उसका चालान काटा जाएगा। विभाग ने एक अन्य आदेश में कहा कि दिल्ली और दिल्ली में पंजीकृत डीजल संचालित मध्यम माल और भारी माल वाहनों में ट्रकों के प्रवेश पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा। इन पर चौथे चरण में 4 नवंबर को प्रतिबंध लगा दिया गया था।

# अंतिम दिन नाम शामिल कराने बूथों पर जुटे आवेदक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** नगर निकाय चुनाव के लिए मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य के तहत सोमवार को अनंतिम सूची पर दावे-आपत्तियां ली गई। अंतिम दिन सभी बीएलओ बूथों पर आवेदनों का मिलान कर उसे सूचीबद्ध करने में जुटे रहे। सदर एसडीएम रमेश कुमार ने विभिन्न बूथों का भ्रमण कर पुनरीक्षण सोमवार को इसकी अंतिम तिथि के कारण बूथों पर विशेष कैंप लगाया गया। नगरीय क्षेत्रों में शामिल सभी बूथों पर बीएलओ मौजूद रहे। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधित करने और विलोपित करने के लिए अलग-अलग फार्म भरवाए। एसडीएम रमेश कुमार ने उरमौरा स्थित बूथ का निरीक्षण किया। अब



कार्य का जायजा लिया। पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। राबर्ट्सगंज नगर पालिका और नौ नगर पंचायतों में चुनाव होना है। इसके लिए अनंतिम मतदाता सूची का 31 अक्तूबर को प्रकाशन किया गया था, जिसमें 2.63 लाख से अधिक मतदाता शामिल हैं। इसके बाद से सूची पर दावे-आपत्तियां ली जा रही हैं। तक आए आवेदनों के बारे में जानकारी ली। बीएलओ को निर्देशित किया कि पात्रता से संबंधित प्रमाण पत्र भी जरूर लें, ताकि भविष्य में कोई विवाद की स्थिति न रहें। मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने की हरसंभव कोशिश करें। इसमें कमियां मिलने पर संबंधितों की जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

# हत्या का प्रयत्न करने वाले दो व्यक्तियों को किया गया गिरफतार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद सोनभद्र में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी रोकथाम लगाने तथा घटनाओं के शीघ्र अनावरण व गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण- 1. प्रेमचांद रौनियार पुत्र स्वर्गीय मंगरु रौनियार निवासी सागोबाध, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र।



उसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बभनी पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-178/2022 धारा 323, 504, 506, 307 भादवि से सम्बन्धित 02 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1. प्रेमचंद रौनियार पुत्र स्वर्गीय मंगरु रौनियार 2. सोनू रौनियार पुत्र प्रेमचंद रौनियार समस्त निवासीगण सागोबाध, थाना बभनी जनपद सोनभद्र को 2. सोनू रौनियार पुत्र प्रेमचंद रौनियार निवासी सागोबाध, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः - 1. उ0नि0 राम सिंहासन शर्मा, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र। 2. मुख्य आरक्षी भैया लाल यादव, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र 3. मुख्य आरक्षी भरत यादव, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र। 4. आरक्षी शिवम सिंह, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र।

# सोन नदी इंटेक में एक बालक की डूबने से हुई मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डाला /सोनभद्र।** स्थानीय डाला पुलिस चौकी क्षेत्र का मामला इंटेक सोन नदी में एक बालक की डूबने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के गया जिसके उपरांत साथ गए तीनों साथियों ने यह घटना को लेकर राहगीरों को बताया और यह क्षेत्र में आग की तरह फैल गया देखते ही देखते अल्ट्राटेक कंपनी के उच्च



अनुसार रविवार को लगभग दस बजे अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के आवासीय परिसर सेक्टर बी से चार साथियों ने साइकिल से घूमने के लिए चोपन थाना क्षेत्र के इंटेक सोन नदी गए थे उसी दौरान एक बालक ने पानी चला दिया और पानी का तेज बहाव होने के बालक इंद्रजीत मिश्रा (12) पुत्र अजय मिश्रा निवासी अल्ट्राटेक सीमेंट आवासीय परिसर सेक्टर बी जो डुब अधिकारियों समेत क्षेत्र के लोगों भिड़ इकठ्ठा हो गई और स्थानीयो के कड़ी मस्कत के बाद बालक को खोज निकाला गया और निजी कंपनी के ऐम्बुलेंस से निजी कंपनी के अस्पताल ले जाया गया जहाँ डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। वहीं सूचना पाकर मौके पहुंची चोपन थाना के बीट प्रभारी त्रिभुवन राय व डाला चौकी इंचार्ज की पुलिस जांच में जुट गई।

# गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त कि हुई गिरफ्तारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज थाना विण्ढमगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-62/2022 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त महबूब अंसारी पुत्र रहीम शेख निवासी अधौरी, थाना मेराल, जनपद गढवा (झारखण्ड) को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गय गिरफ्तार अभियुक्त- 1. महबूब अंसारी पुत्र रहीम शेख निवासी अधौरी, थाना मेराल, जनपद गढवा (झारखण्ड)। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम- 1. उ0नि0 मो0 अरशद, थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र। 2. आरक्षी अजय यादव, थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र। 3. आरक्षी सूर्या सिंह, थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र।



# भारतीय मीडिया फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष से ओबरा थाना इंचार्ज ने की बदसलूकी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डाला सोनभद्र।** तहसील ओबरा अंतर्गत 5 नवंबर को हो रहे तहसील दिवस में भारतीय मीडिया फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष अशोक कनौजिया के नेतृत्व में 14 सूत्रीय मांगों को लेकर विज्ञप्ति देने के लिए डाला, ओबरा, सेउत्पीड़न किया जा रहा है सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार बंधुओं के द्वारा समाचार संकलन में विभिन्न प्रकार की बाधाएं उत्पन्न की जा रही हैं भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़नेवाले सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार बंधुओं के ऊपर फर्जी मुकदमे किए जा रहे हैं जो




सशक्तलोकतंत्र के निर्माण के लिए चिंता का विषय है।इतना ही नहीं राज्य लेवल पर पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के स्वालंबनहेहे तुकिसी प्रकार की योजनाओं का संचालन भी नहीं किया जा रहा है।भारतीय मीडिया फाउंडेशन पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं का राष्ट्रीय संगठन है जो लगातार पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ताबंधुओं के अधिकारलिए कार्यकर रहा है एवं समस्त नागरिकों को जागरूक कर रहासम्मान सुरक्षा चोपन ने लगभग 2 दर्जन पत्रकारों ने प्रदेश मेंलगातार सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार बंधुओं का नाना प्रकार के है। जिससेलोगों के अंदर देशभक्ति की जज्बा पैदा हो इसी को ध्यान में रखते हुए भारतीय मीडिया फाउंडेशन की ओर से निम्नलिखित मांग की जाती हैं ऐसे में विज्ञप्ति देते समय ओबरा के थाना इंचार्ज मिथिलेश मिश्रा द्वारा पत्रकारों से बदसलूकी की गई व धक्का देकर बाहर करने का प्रयास किया गया। जिस सम्बन्ध में भारतीय मीडिया फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ख्वाजा खान , जिलाध्यक्ष सोनभद्र अशोक कनौजिया , तथा अन्य पत्रकारों द्वारा द्वारा पुनः ओबरा तहसील में तहसील दिवस पर उपस्थित जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को शिकायत की गई कि आपके थाना इंचार्ज द्वारा पत्रकारों से बदसलूकी की गई जो उचित नही है। संज्ञान में लें शिकायत सुन ओबरा थाना इंचार्ज मिथिलेश मिश्रा भारतीय मीडिया फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष , अन्य उपस्थित पत्रकारों पर भड़क गये व दबाव बनाने के लिए पत्रकारों के लिए अपने स्टॉप से बोलने लगे कि इनका वीडियो बनाओ ये सभी पत्रकार सरकारी कार्य मे बाधा उत्पन्न कर रहे है। ऐसा थाना इंचार्ज पत्रकारों के प्रति पहली बार नही बल्कि आदत सी हो गयी हैं। जिसके ऊपर कार्यवाही करना न्याय संगत होगा। ऐसे थाना इंचार्ज के लिए प्रदेश स्तर तक शिकायत की जाएगी। यहां तक कि पत्रकारों को अभद्र वाणी से सम्बोधित करते हैं।

# चोपन पुलिस ने काफी दिनों से फरार चल रहे तीन वारंटीयो को किया गिरफ्तार



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डाला /सोनभद्र।** पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मिर्जापुर महोदय द्वारा वांछित वारण्टी /पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के पर्यवेक्षण में चोपन थानाध्यक्ष के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु थाना चोपन पुलिस ने तीन वारंटी में रामनिवास भारती पुत्र राजेन्द्र भारती निवासी गौरी थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर, चन्द्रशेखर सिंह पुत्र रामखेलावन सिंह निवासी मवैया जगदीशपुर थाना चिल्ह, मिर्जापुर ,बलवन्ता पुत्र सरजू निवासी डाला थाना चोपन जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार किया गया जो कि (थाना चोपन) मामला जिसमें वाचित थे एसटी नं0 10047/2020 धारा 147, 148, 149, 307, 395, 397, 436, 340, 341, 333, 427,504, 506 व 7 सीएलए एक्ट मा0 न्या0 एसीजीएम सोनभद्र इस दौरान टीम में चोपन थानाध्यक्ष लक्ष्मण पर्वत,डाला चौकी प्रभारी अरविन्द गुप्ता- का0 दिलीप यादव-, का0 दिलीप कुशवाहा, का0 दीपक वर्मा-चौकी डाला, थाना चोपन, सोनभद्र 6. का0 रंजीत सरोज शामिल रहे।

# सोनभद्र में चार दिन से गायब युवक का शव बंद मकान में फंदे से लटकता मिला दीवार में चस्पा मिला सुसाइड नोट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** जिले के ओबरा नगर स्थित वन प्रभाग के आवासीय परिसर में खाली पड़े मकान में दो नवंबर से गायब



युवक का रस्सी के फंदे से लटकता शव मिलने से सनसनी फैल गई। मौके से एक सुसाइड नोट भी पुलिस ने बरामद किया है। मृतक के पिता वन विभाग में वन रक्षक कर्मी के पद पर तैनात हैं। वहीं परिजन पूर्व में युवक के अपहरण की आशंका जता रहे थे। अपहरण की जानकारी के बाद से ही परिजन और पुलिस दोनों ही युवक की तलाश में जुटे हुए थे। इस बाबत शव मिलने के बाद परिजन और पुलिस को सूचना मिली तो वहां पर लोगों की भीड़ जुट गई। शव मिलने के बाद पुलिस इस मामले को आत?महत?या मानकर ही जांच कर रही है। इस बाबत दो नवंबर की रात तकरीबन 11:30 नितीश पाण्डेय अचानक घर से बिन बताए ही गायब हो गया। उसकी मोबाइल भी बंद थी। उसकी खोजबीन स्वजनो द्वारा नगर से लेकर नाते-रिश्तेदारों तक की गई लेकिन उसका पता नहीं चला।थक हार कर युवक के पिता रमेश कुमार पाण्डेय ने ओबरा थाने में नितीश के गायब होने की तहरीर दी। इसके बाद पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर लिया था। शनिवार को रमेश कुमार पाण्डेय ने पुनःथाने में तहरीर देकर अपने पुत्र का अपहरण होने की आशंका जताई। इसके बाद पुलिस ने अपहरण की रिपोर्ट शनिवार को दर्ज कर लिया। रविवार को तकरीबन 10:30 बजे वन परिसर में बने टीनशेड के पास एक वन कर्मी फूल तोड़ने गया था, तभी उसे सड़े गले होने की दुर्गंध आने लगी। उसने मकान खोलकर देखा तो रस्सी के सहारे एक शव लोहे की धरन से लटक रहा था। पास जाकर देखा तो वह नितीश पाण्डेय था। जिसकी सूचना तत्काल जाकर उसके स्वजन को दिया। इस पर स्वजन भागते हुए उस मकान के पास पहुँच कर देखे तो शव लटक रहा था। इसकी जानकारी लोगों ने पुलिस को दी।

# रात्रि के अधरे मे गुरमा वन क्षेत्र के अन्तर्गत अवैध तरीके से हो रहा है खनन

(आधुनिक समाचार सेवा)
सोनभद्र। रात 8 बजे से लेकर सुबह 7 बजे तक होता है अवैध खनन गुरमा रेंज में आने वाले क्षेत्र में हो रहा है अवैध खनन लिया जाता है मोटी रकम योगी सरकार में नही लग रहा है जा रहा है, जिसे नदी में खनन कर्ताओं द्वारा बनाए गए रास्ते पर वाहनों के टायर के लकीर व बालू लेजाते हुए टिपर खड़ी मिलती है सूत्रों के माने तो जिले में अवैध खनन का लगातार बोल बाला है कही थाने के अंतर्गत




किसी को डर गुरमा रेंज में अवैध बालू खनन व परिवहन का हब बना हुआ हैं।, जहाँ बेख़ौफ़ होने के बावजूद जिम्मेदार बेखबर बनकर अवैध खनन को संरक्षण दे रहे हैं। बतादें कि उक्त रेंज अंतर्गत रेडिया, गुरदह स्थित खैरहवा सोन नदी वन क्षेत्र में घुसकर पूरी रात खनन किया जाता है।खैरवा सोन नदी में बालू खनन को बनाया गया है रास्ता इसके बाद भी दर्जनो टीपर से बालू का अवैध परिवहन किया तो कही गुरमा वन क्षेत्र के अंतर्गत चर्चा बना रहता है। रात में अंधेरा होते ही मौके पर नियमित पट्टे की तरह खनन चलाया जा रहा है जबकि उक्त क्षेत्र सेंचुरी एरिया में आता है जो इसकी शिकायत होने के बावजूद विभागीय जिम्मेदार न केवल अवैध खनन बंद कराने बल्कि इसमें खननकर्ताओं को पकड़ कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं। जिसका नतीजा यह है कि इस अनियमित कार्य को बढ़ावा मिल रहा है। मोटी रकम लेने के बाद बालू के दामो में बढोत्तरी होती जा रही है। वन विभाग को वन्यजीवों को विलुप्त होने से बचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, बावजूद प्रतिबंधित सेंचुरी एरिया में अवैध खनन परिवहन हो रहा। इधर जिले में दिन प्रतिदिन बालू का दाम उछाल पर होने से अवैध बालू परिवहन करने की होड़ मची हुई है। और इसी से गुरमा रेंज अंतर्गत सोन नदी को सुरक्षित अड्डा बना कर खनन माफिया अवैध बालू परिवहन अभियान में जुटे हुए है। सूत्रों की माने तो जिससे उनकी एक रात में लाखों की बेहिसाब कमाई बताई जाती है। और जिम्मेदार बेखबर बनकर उनके कदम से कदम मिलाकर अपने निहित स्वार्थ पुर्ति कर रहे हैं।जिलाधिकारी का ध्यान आकर्षित करते हुए अवैध खनन कर्ताओं और गुरमा वन क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारी पर की जाय कार्यवाई। वही इसकी जानकारी वन रेंजर अधिकारी सीपी तिवारी से सेल फोन पर वार्ता हुई तो उन्होंने फोन पर धमकी देते हुए कहा कि किसी के कहने पर खबर मत लगाइए सच्चाई जान लीजिये बोले कि कोई अवैध खनन नही हो रहा है।कई लोगो पर कार्यवाई हुई है। जब हमने रिपोर्ट मागा की कितने पर हुई है नाम पता सहित उपलब्ध कराया जाय टाल मटोल करते हुए फोन काट दिए जिससे लगता है कि इनकी दबंगई नही भाती लोगो को।

# दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की कैद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** अपर सत्र न्यायाधीश (सीएडब्लू) आशुतोष कुमार सिंह की अदालत ने साढ़े 12 वर्ष पहले किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म के मामले में दोषी को 20 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। सोमवार को मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने उस पर 1.40 लाख रुपये अर्थदंड भी लगाया। वहीं अपहरण के दोषी रमाशंकर को सात साल की कैद एवं 40 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अभियोजन



पक्ष के मुताबिक, चोपन थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि 9 मार्च 2010 को शाम 7 बजे उसकी बेटी (16) माचिस लेने निकली, लेकिन वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की थी। काफी दिनों बाद पुलिस ने किशोरी को चोपन थाना क्षेत्र के रहने वाले मनोज कुमार के पास से बरामद किया।

# दहेज के लिए पत्नी कि हत्या करने वाले पति को दस वर्ष कि क़ैद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** साढ़े पांच वर्ष पूर्व हुई शकुंतला हत्याकांड के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय राहुल मिश्रा की अदालत ने शनिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी पति समेत तीन लोगों को 10-10 वर्ष की कैद व 16-16 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं अर्थदंड न देने पर एक-एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जबकि आरोपी जेठ नन्दू को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक ओबरा थाने में 16 मई 2017 को दी तहरीर में कोन थाना क्षेत्र के चेरवाडीह टोला ललकी दामर गांव निवासी सरसती देवी पत्नी सरजू चेरो ने अवगत कराया था कि उसकी बेटी शकुंतला देवी की शादी 3 वर्ष पूर्व ओबरा थाना क्षेत्र के खैरटिया गांव निवासी विनोद उर्फ विंदु चेरो पुत्र अयोध्या चेरो के साथ हुआ था। जब बेटी विदा होकर अपनी ससुराल गई तो वहां पर दहेज में माता, पिता व भाई द्वारा कुछ न देने का ताना मरते हुए रुपये की मांग को लेकर उसका पति विनोद उर्फ विंदु चेरो, ससुर अयोध्या चेरो, सास बुधनी व जेठ नन्दू उसे प्रताड़ित करने लगे। जब भाई शिवकुमार बहन शकुंतला के घर जाता तो उसे समझा बुझाकर घर आ जाता था। दहेज की मांग पूरी नहीं हुई तो 5 मई 2017 को बेटी शकुंतला देवी को सभी लोग मिलकर उसका गला दबाकर मार डाला। इस तहरीर पर ओबरा पुलिस ने दहेज हत्या में एफआईआर दर्ज कर लिया और पुलिस विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत पाए जाने पर विवेचक ने न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी पति विनोद उर्फ विंदु चेरो, ससुर अयोध्या व सास बुधनी व को 10-10 वर्ष की कैद व 16-16 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं अर्थदंड न देने पर एक-एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जबकि आरोपी जेठ नन्दू को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। अभियोजन पक्ष की ओर से अभियोजन अधिकारी विजय प्रकाश यादव ने बहस की।

# वोट नही तो विकास नहीं के तर्ज पर प्रधान प्रतिनिधि कर रहे कार्य



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डाला /सोनभद्र।** विकासखंड चोपन अंतर्गत ग्राम पंचायत बिल्ली मारकुंडी के वार्ड पांच में नाली की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण ऐसे में प्रधान को कई बार सूचनाएं देने के बावजूद भी कभी नहीं सफाई कर्मी को संज्ञान में लेते हुए नही भेजा गया और ना ही कभी इसमें देखने के लिए भी उपस्थित नहीं हुये ग्राम पंचायत बिल्ली मारकुंडी में लगभग 5 वर्ष पूर्व नाली का निर्माण कराया गया था जबकि नाली के ढक्कन भी लगाया गया ऐसे में बड़े गाड़ियों के आवागमन से नाली टूट कर बिखर गया और इसी बीच कबाड़ से भरने के कारण पानी का निकास नहीं हो पा रहा है जिस को संज्ञान में लेते हुए स्थानीय ने कई बार स्थानीय समाज कल्याण राज्य मंत्री को भी सूचना दी गई और ब्लॉक प्रमुख जो अपने क्षेत्र की हैं श्रीमति लीलादेवी उन्हें भी अवगत कराया गया तथा ग्राम प्रधान को भी अवगत कराया गया कि किसी तरह से नाली की सफाई हो जाए जिससे पानी का निकास सुचारू ढंग से हो सके ऐसे में कभी भी ग्राम प्रधान द्वारा ध्यान नहीं दिया गया जिसको लेकर के आज सड़क पर पानी इतना ज्यादा लग जा रहा है कि त्यौहार में या स्कूल के बच्चे आने जाने में अक्सर धराशाई हो जा रहे हैं और गिर जा रहे हैं कभी-कभी तो रात में चलने में भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम प्रधान से शिकायत करने पर कि वार्ड नंबर 5 में नाली खराब है तो ग्राम प्रधान द्वारा बताया जाता है कि हमें वार्ड नंबर 5 से वोट नहीं मिला है इसलिए हम वहां के बारे में कोई विकास नहीं कर सकते ऐसे में कई बार ग्राम पंचायत सदस्यों ने भी अवगत कराया लेकिन कोई सुनने वाला नहीं मिला।

# डीएम-एसपी ने देखी वनवासी समागम की तैयारियां

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बभनी।** अखिल भारतीय वनवासी कल्याण सेवाकुंज आश्रम में 15 नवंबर को होने वाले वनवासी समागम की



तैयारियां तेज हो गई हैं। आदिवासी गौरव बिरसा मुंडा की जयंती पर होने वाले कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन संभावित है। सोमवार को डीएम, एसपी ने आश्रम पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। बिरसा मुंडा वनवासी विद्यापीठ परिसर में होने वाले कार्यक्रम के लिए डीएम चंद्र विजय सिंह और एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने पहले रूट की जानकारी ली। हेलीपैड, ग्राउंड, विश्राम कक्ष का निरीक्षण कर संबंधित विभागों को निर्देश दिया। प्रदेश सह संगठन मंत्री आनंद ने बताया कि बिरसा मुंडा की जयंती जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाई जाएगी। वर्षों से वंचित समाज अपने हक को वनाधिकार के तहत पट्टा के रूप में प्राप्त करेगा। यह उत्तर प्रदेश का पहला कार्यक्रम होगा, जिसमें प्रदेश में निवास करने वाली सभी जनजातियों की लोक संस्कृति की प्रस्तुति होगी। गोरखपुर से वनटागियां, चित्रकूट से कोल, बहराइच, पीलीभीत, लखीमपुर से थारू, बुंदेलखंड की टीम और सोनभद्र से खरवार, गोंड, घसिया, धांगर, चेरो, बैगा की टीम अपने अपनी कला का प्रदर्शन करेगी। सहमंत्री आलोक कुमार चतुर्वेदी ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। इस दौरान सीडीओ सौरभ गंगवार, एडीएम सहदेव मिश्रा, एएसपी विजय शंकर मिश्र, एसडीएम शैलेंद्र मिश्र, डीपीआरओ विशाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# महिला क्रिकेट को लेकर सौरभ गांगुली ने कर दी भविष्यवाणी, बताया अगले तीन साल में क्या होगा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** बीसीसीआइ के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली के अनुसार, भारत में महिला क्रिकेट अगले तीन वर्षों में हाई लेवल पर पहुंच जाएगा। क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में महिला टीम वर्षों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, महिला क्रिकेट अपने शिखर पर है। महिला क्रिकेट अगले तीन साल में अलग स्तर पर पहुंच जाएगा। हमने पिछले तीन साल में इसके लिए बहुत मेहनत की है।गांगुली हराकर जीत दर्ज की। टीम ने इस साल की शुरुआत में बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में क्रिकेट में देश का पहला रजत पदक भी जीता था। पिछले महीने, बीसीसीआइ ने देश के सबसे लोकप्रिय खेल में



ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। शुक्रवार को अबू धाबी में आयोजित भारतीय रियल्टर्स की शीर्ष संस्था क्रेडाई के तीन दिवसीय वार्षिक सम्मेलन 'नैटकॉन 2022' में यह बातें कही। एजेंसी पीटीआइ के अनुसार, प्रॉपर्टी कंसल्टिंग फर्म एनारॉक के अध्यक्ष अनुज पुरी द्वारा संचालित एक सत्र में, भारतीय क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान ने कहा कि महिला टीम ने पिछले कुछ ने आगे कहा, जिस तरह से वे राष्ट्रमंडल खेलों में खेले, जिस तरह से प्रतिस्पर्धा की, उसे देखकर मैं वास्तव में हैरान था। उन्होंने हाल ही में एशिया कप जीता। उन्होंने इंग्लैंड की टीम को इंग्लैंड में 3-0 से हराया, जो कभी भी आसान काम नहीं है। गौरतलब हो कि, भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश में एशिया कप में श्रीलंका को आठ विकेट से लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए अपने केंद्रीय अनुबंधित महिला और पुरुष खिलाड़ियों के लिए समान मैच फीस देने की घोषणा की। नई शुरू की गई प्रणाली के अनुसार, भारतीय महिला क्रिकेटरों को अब प्रति टेस्ट 15 लाख रुपये, प्रति वनडे 6 लाख रुपये और प्रति 3 लाख रुपये मिलेंगे, जो उनके पुरुष समकक्षों के समान है।

# विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' के लिए नामित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव को टी-20 विश्व कप 2022 के प्लेयर आफ द टूर्नामेंट के लिए नामित किया गया है। इन दोनों के अतिरिक्त विश्व कप में बल्लेबाजी या गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन करने वाले कुल सात खिलाड़ियों को नामित किया गया है। इनमें इंग्लैंड के तीन खिलाड़ी- सैम कुर्रन, एलेक्स हेल्स और जोस बटलर, पाकिस्तान के दो खिलाड़ी- शादाब खान और शाहीन अफरीदी, श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा और जिंबाब्वे के सिकंदर रजा को शामिल किया गया है। सूर्यकुमार यादव फिलहाल आईसीसी टी20 रैंकिंग में नंबर एक बल्लेबाज हैं। आपको बता दें कि भारतीय टीम का इस बार विश्व कप का सफर इंग्लैंड के हाथों सेमीफाइनल में 10 विकेट से हार के बाद खत्म हो गया था। वहीं दूसरे सेमीफाइनल तक की बात करें को इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में विराट कोहली पहले नंबर पर मौजूद थे। यही नहीं वो भारत की तरफ से इस बार सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे जबकि सूर्यकुमार यादव भारत की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर रहे जबकि ओवरआल वो तीसरे नंबर पर रहे। विराट कोहली ने इस वर्ल्ड कप में भारत के लिए 6 मैच खेले



और इतनी ही पारियों में 98.66 की बेहतरीन औसत के साथ 296 रन बनाए। वहीं उन्होंने 4 अर्धशतक भी लगाया और उनकी बेस्ट पारी नाबाद 82 रन की रही जबकि इन मैचों में उन्होंने 25 चौके व 8 छक्के लगाए।

# इंग्लैंड के खिलाफ पाकिस्तान ने बनाया खास प्लान, शाहीन अफरीदी से कराई जा रही बैटिंग की प्रैक्टिस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** मौजूदा टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल मैच में न्यूजीलैंड को शानदार तरीके से हराने के बाद पाकिस्तान रविवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल को मिली। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में सलामी बल्लेबाज बाबर और रिजवान स्टार तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को नेट्स में गेंदबाजी करते नजर आ रहे हैं। वीडियो को दुनिया भर के के खिलाफ उनके बल्ले से कुछ बड़ी हिट्स देखने को मिली थी। 2022 टी20 विश्व कप में बाबर आजम के प्रदर्शन की बात करें तो पाकिस्तान के कप्तान ने सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 42 गेंद पर 53 रन



मुकाबले की तैयारी कर रहा है। सेमीफाइनल में, बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम ने 153 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सात विकेट जी हासिल की थी। बाबर और मोहम्मद रिजवान की सलामी जोड़ी ने अर्धशतक जमाया। फाइनल जीतने के लिए पाकिस्तान टीम जमकर पसीने बहा रही है। अभ्यास सत्र के दौरान एक दिलचस्प घटना देखने प्रशंसकों से बहुत सराहना मिल रही है। बाबर और रिजवान दोनों अफरीदी को गेंदबाजी करते हुए देखे जा सकते हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने मौजूदा टूर्नामेंट में अपनी गति से प्रभावित किया है। 6 मैचों में, शाहीन ने 14.20 की इकॉनमी रेट से 10 विकेट लिए हैं और 142 रन दिए हैं। वहीं टीम के लिए बल्ले से भी योगदा देते हैं। भारत बनाए। हालांकि इसके पहले के मैचों में वह बल्ले से संघर्ष करते हुए दिखे थे। न्यूजीलैंड के खिलाफ उनके सलामी जोड़ीदार रिजवान ने भी 43 गेंद में 57 रन की पारी खेली थी। दूसरी ओर, इंग्लैंड ने गुरुवार को दूसरे सेमीफाइनल में भारत को 10 विकेट से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया।

# सहवाग ने खराब प्रदर्शन करने वाले सीनियर खिलाड़ियों को लताड़ा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** भारतीय टीम का जो कद विश्व क्रिकेट में है ऐसे में टीम इंडिया का जिस तरह से प्रदर्शन टी20 वर्ल्ड कप 2022 के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ रहा उसे पचा पाना थोड़ा मुश्किल जरूर है। सेमीफाइनल में टीम इंडिया को एकतरफा अंदाज में हार मिली और कहीं से भी ऐसा नहीं लगा कि भारतीय टीम फाइट कर रही है। टीम इंडिया के इस



वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में 10 विकेट से मिली हार से सबमें निराशा और खीज दोनों हैं। भारतीय टीम के प्रदर्शन को लेकर कई पूर्व दिग्गज खिलाड़ी अलग-अलग तरीके से अपनी बात सामने रख रहे हैं। टीम इंडिया के पूर्व ओपनर बल्लेबाज सहवाग ने भी भारतीय टीम कि खिंचाई की और अपनी बातें सामने रखीं। उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन इशारों-इशारों में बहुत बड़ी बातें कह डाली। सहवाग ने क्रिकबज के साथ बात करते हुए कहा कि मैं टीम की मानसिकता साथ ही सभी के बारे में बात नहीं करूंगा, लेकिन निश्चित रूप से कुछ खिलाड़ियों में बदलाव देखना चाहता हूं। मैं अगले वर्ल्ड कप में कुछ चेहरों को नहीं देखना चाहता हूं। ऐसा टी20 वर्ल्ड कप 2007 में भी हुआ था कि बहुत सारे दिग्गज खिलाड़ी जो टीम में खेल रहे थे, लेकिन इस वर्ल्ड कप के लिए नहीं गए थे। उस बार एक युवा टीम साउथ अफ्रीका गई थी जिससे किसी को कोई उम्मीद नहीं थी और मैं अगले टी20 विश्व कप में इसी तरह की टीम को देखना चाहता हूं। कोई भी उनसे जीतने की उम्मीद नहीं करेगा, लेकिन वो टीम भविष्य के लिए होगी। सहवाग ने कहा कि अगर आप अभी से भविष्य के बारे में सोचना शुरू करेंगे तभी आप दो साल में एक अच्छी टीम बना पाएंगे। मैं अब अगले विश्व कप में इस बार खराब प्रदर्शन करने वाले सीनियर खिलाड़ियों को नहीं देखना चाहूंगा। मुझे उम्मीद है कि चयनकर्ता इस बात को समझेंगे और कुछ इसी तरह की टीम बनाएंगे, लेकिन सबसे बड़ा सवाल ये है कि क्या ये चयनकर्ता अगले वर्ल्ड कप तक बने रहेंगे। एक नया पैनल होने के बाद सबकुछ बदलेगा, टीम का दृष्टिकोण बदलेगा तो क्या वो बदलाव करेंगे। वैसे एक बात तय है कि अगर टीम इंडिया अगले वर्ल्ड कप में जाती है ।


# पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का वायरल हुआ ट्वीट, बाबर आजम ने ले ली चुटकी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप फाइनल से पहले मीडिया को संबोधित किया। तभी उनसे इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में भारत की हार के बाद प्रधानमंत्री के शहबाज शरीफ के ट्वीट के बारे में पूछा गया। इस बाबर आजम ने मजेदार जवाब दिया। सिर्फ विपक्ष के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करते हैं।ङ्ग 1992 में विश्व कप के बीच समानता को लेकर बाबर से सवाल पूछा गया। इस पर बाबर ने कहा, ड्डबेशक, समानताएं हैं। हम ट्रॉफी जीतने की कोशिश करेंगे, मेरे लिए इस टीम का नेतृत्व करना और विशेष रूप से इस बड़े मैदान पर एक बड़ा सम्मान है। हम अपना 100 प्रतिशत देने और




दरअसल, अपने ट्वीट में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने टीम इंडिया पर कटाक्ष करते हुए लिखा था, तो, इस रविवार, यह है, 152/0 बनाम 170/0 होगा।ङ्ग प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, बाबर आजम से ट्वीट को लेकर सवाल पूछा गया। रिपोर्टर ने पूछा कि क्या इस तरह के सोशल मीडिया पोस्ट अतिरिक्त दबाव डालते हैं।बाबर ने कहा, ड्डइस तरह का कोई दबाव नहीं है, लेकिन खेद है कि मैंने यह ट्वीट नहीं देखा, इसलिए मुझे इसकी कोई जानकारी नहीं है, लेकिन हां, हम जीतने की कोशिश करेंगे। हमने शुरुआत ठीक नहीं की, लेकिन जिस तरह से टीम वापस आई, वे लड़े, काबिले तारीफ है। बता दें कि, 1992 और 2022 विश्व कप दोनों में, पाकिस्तान ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में हार के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। दोनों टूर्नामेंट में पाकिस्तान को भारत के हाथों ही हार का सामना करना पड़ा था। अब 1992 के ही तरह पाकिस्तान इंग्लैंड से फाइनल में मुकाबला करेगा।


# राशिफल


**मेष-:** इस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी रहेगी। माता का सहयोग मिलेगा।




**वृष-:** इस सप्ताह आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के अवसर नजर आ रहे हैं। करोबार सुचारू रहेगा और सुधार होगा।




**मिथुन-:** मन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी में कार्यभार में बढ़ोतरी होने की संभावना है।




**कर्क-:** सप्ताह के शुरूआत से वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। संतान सुख मिलेगा।



**सिंह-:** सप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा। शिक्षा से जुड़े काम में सुखद परिणाम मिलेंगे।




**कन्या-:** इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। काम जोश के साथ करेंगे।




**तुला-:** नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों की खरीददारी कर सकते हैं।




**वृश्चिक-:** इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें। किसी पुराने दोस्त से संपर्क हो सकता है।




**धनु-:** नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।




**मकर-:** परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।




**कुंभ-:** मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा। शत्रुओं पर विजय मिलेगी।



**मीन-:** पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे। शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों में रुचि रहेगी।








# टी20 विश्व कप में पाकिस्तान पर भारी पड़ा है इंग्लैंड, आंकड़े दे रहे गवाही

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** टी20 विश्व कप 2022 का फाइनल रविवार को ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में खेला जाएगा। जहां



पाकिस्तान और इंग्लैंड आमने-सामने होंगी। बाबर आजम की कप्तानी में टीम 1992 वर्ल्ड कप का इतिहास एक बार फिर दोहराना चाहेगी। वहीं जॉस बटलर की टीम भी अपनी जीत के लिए पूरा दमखम लगाएगी। इंग्लैंड और पाकिस्तान 30 साल बाद फिर वर्ल्ड कप फाइनल में भिड़ेंगे। एससीजी के ही मैदान में 1992 के एकदिवसीय विश्व कप में दोनों टीमें आमने-सामने हुई थीं। तब पाकिस्तान ने इंग्लैंड को 22 रन से हराया था। इंग्लैंड उस हार का बदला लेना चाहेगा। बात करें टी20 विश्व कप की तो दोनों टीमें दो बार आमने-सामने हुई है। 2009 में ग्रुप मुकबाले में इंग्लैंड ने पाकिस्तान को 48 रन से हराया है। वहीं, दूसरी बार 2010 से टी20 विश्व कप के ग्रुप मुकाबले में पाकिस्तान को 6 विकेट से मात मिली थी। ऐसे में कहा जा सकता है कि टी20 विश्व कप के इतिहास में इंग्लैंड का पलड़ा पाकिस्तान पर भारी है। एकदिवसीय विश्व कप में दोनों टीमें 10 बार आमने-सामने हुई हैं। इनमें से पाकिस्तान ने 5 बार तो इंग्लैंड ने 4 जीत हासिल की है। एक मैच टाई रहा है। इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच 28 ऊ20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले गए हैं। इनमें 18 मैच इंग्लैंड तो 9 मैच पाकिस्तान ने जीता है। एक मैच बेनतीजा रहा है टी20 विश्व कप के इतिहास में दो बार दोनों टीमों का आमना-सामना हुआ है। दोनों ही बार इंग्लैंड ने बाजी मारी है। ऊ20घ् में इंग्लैंड के खिलाफ पाकिस्तान का उच्चतम स्कोर 232 है और सबसे कम 89 है। पाकिस्तान के खिलाफ इंग्लैंड का सर्वश्रेष्ठ 221 और सबसे कम 135 है। कप्तान बाबर आज़म (560) ने इंग्लैंड के खिलाफ पाकिस्तान के लिए सबसे अधिक टी20ई रन बनाए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पाकिस्तान के लिए हारिस राउफ ने सबसे ज्यादा विकेट (14) लिए हैं। इंग्लैंड की तरफ से ग्रीम स्वान और आदिल राशिद ने 17-17 विकेट लिए। पाकिस्तान और इंग्लैंड दोनों को सुपर-12 चरण में छोटी टीमों ने हराया है। पाकिस्तान, जिम्बाब्वे से, इंग्लैंड आयरलैंड, से हार गया था।गौरतलब हो कि रविवार 13 नवंबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इंग्लैंड ने सेमीफाइनल जहां भारत को मात दी है तो वहीं पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को हराया है।

# मुंबई इंडियंस की जर्सी में अब नहीं दिखेंगे पोलार्ड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास की दो सबसे सफल टीम, मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स



ने आगामी आईपीएल 2023 मिनी ऑक्शन से पहले बीसीसीआइ को रिटेन और रिलीज खिलाड़ियों की अपनी सूची सौंपी है। 2023 16वें सीजन के लिए दिसबंर में मिनी ऑक्शन होगा। 2023 16वें सीजन के लिए श्घ् और ण्एख् ने अपनी-अपनी लिस्ट ॅण्ण्घ् को सौंप दी है। रिटेंशन और रिलीज किए गए खिलाड़ियों की सूची में सबसे बड़ी हैरान करने वाली खबर यह है कि आईपीएल में पांच बार की चैंपियन श्घ् ने पोलार्ड को रिलीज कर दिया गया है। जबकि ण्एख् ने रवींद्र जडेजा को टीम में बनाए रखा है। चेन्नई सुपर किंग्स ने क्रिस जॉर्डन, एडम मिल और मिशेल सैंटनर को रिलीज कर दिया है।जहां तक मुंबई इंडियंस की बात है तो पोलार्ड के अलावा फैब एलेन और टाइमल मिल्स को भी रिलीज कर दिया गया है। पोलार्ड 2010 से मुंबई इंडियंस के साथ खेल रहे थे, लेकिन पिछले सीजन में संघर्ष करते दिखे। आगामी आईपीएल 2023 मिनी ऑक्शन दिसंबर में कोच्चि में होने वाला है। 15 नवंबर तक बीसीसीआइ ने सभी फ्रेंचाइजी को रिटेन और रिलीज किए गए खिलाड़ियों की अपनी सूची जमा करने का निर्देश दिया है। मुंबई इंडियंसः रिटेन और रिलीज किए गए खिलाड़ी रोहित शर्मा, देवल्ड ब्रेविस, इशान किशन, सूर्यकुमार यादव, डेनियल सैम्स, टिम डेविड, जोफ्रा आर्चर, जसप्रीत बुमराह, ट्रिस्टन स्टब्स और तिलक वर्मा। वहीं, फैबियन एलेन, कीरोन पोलार्ड, टाइमल मिल्स, मयंक मारकंडे और ऋतिक शौकिन को रिलीज किया गया है। चेन्नई सुपर किंग्सः रिटेन और रिलीज किए गए खिलाड़ी यलो आर्मी ने 9 खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। महेंद्र सिंह धोनी, रवींद्र जडेजा, मोइन अली, शिवम दुबे, रितुराज गायकवाड़, डेवोन कॉनवे, मुकेश चौधरी, ड्वेन प्रिटोरियस और दीपक चाहर आईपीएल 2023 में भी सीएसके के लिए खेलते नजर आएंगे। जबकि चार खिलाड़ियों को रिलीज किया गया है। क्रिस जॉर्डन, एडम मिल, नारायण जगदीशन और मिचेल सैंटनर आइपीएल की नीलामी में नजर आएंगे।

# इंग्लैंड बनाम पाकिस्तान के बीच फाइनल मुकाबले में कौन होंगे अंपायर


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच रविवार 13 नवंबर को टी20 विश्व कप 2022 का फाइनल खेला जाएगा। यह मैच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा। पाकिस्तान ने पहले



सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को 7 विकेट से मात दी थी । न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 152 रन बनाए। वहीं, पाकिस्तान ने तीन विकेट खोकर 19.1 ओवर में लक्ष्य को हासिल कर लिया। दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड टीम ने भारत को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी और फाइनल में अपनी जगह बनाई। इस मैच को लेकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को मैच मैच ऑफिसियल्स की घोषणा की है। इस मैच में अंपायर मरैस इरास्मस और कुमार धर्मसेना, अंपायरिंग करने वाले हैं। वहीं, इस मैच के लिए क्रिस गैफनी टीवी अंपायर होंगे जबकि पॉल रेफेल चौथे अंपायर होंगे। दोनों टीमों के बीच हेड टू हेड मुकाबले दोनों टीमों के बीच हुए टी20घ् मुकाबले की बात करें तो इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच 28 टी-20 मुकाबले में हुए हैं। इंग्लिश टीम ने 18 मैचों में बाजी मारी है जबकि नौ मैचों में पाकिस्तान विजयी रहा है। एक टी-20 मैच बेनतीजा रहा है। दोनों टीमें हाल में सात मैचों की टी-20 द्विपक्षीय सीरीज में आमने-सामने हुईं थीं। पाकिस्तान में आयोजित सीरीज में मेहमान इंग्लैंड की टीम ने 4-3 से सीरीज जीती थी।टी-20 विश्व कप में इंग्लैंड और पाकिस्तान की टीमें टकराई हैं। दोनों मैचों में इंग्लैंड को जीत मिली है। दोनों टीमें मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर अभी तक कोई टी-20 मैच नहीं जीत सकी हैं। एमसीजी पर पाकिस्तान की टीम अभी तक कुल दो टी-20 मैच खेली है जिसमें उसे हार का सामना करना पड़ा है। इंग्लैंड ने यहां पांच मैच खेले हैं जिसमें चार में उसे हार मिली है जबकि एक मैच बेनतीजा रहा है।

# जबरदस्त सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर है राजकुमार राव की 'मोनिका ओ माय डार्लिंग'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** राजकुमार राव की फिल्म 'मोनिका ओ माय डार्लिंग' 5 भाषाओं में इस शुक्रवार ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। जबरदस्त सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर ये फिल्म आपको अपने बेहतरीन म्यूजिक के साथ 70- 80 के उसी दौर में ले जाएगी जो बहुतों के लिए आज एक नॉस्टेल्जिया है। मर्डर मिस्ट्री के साथ शुरू हुई ये मूवी खत्म होने तक आपको सोफे की पेटी से बांधकर रखेगी।'मोनिका ओ माय डार्लिंग' की कहानी शुरू होती है एक मर्डर के साथ। शुरुआत से ही आपको पता रहेगा कि मर्डर किसने किया है। इसके बाद कहानी आती है 6 महीने बाद की। स्क्रीन पर आते हैं जयंत (राजकुमार राव) जो अभी-अभी एक कंपनी के नए शेयर होल्डर बने हैं। ये इनायत इनपर इसलिए होती है क्योंकि इसी कंपनी के मालिक की बेटी निक्की (आकांक्षा रंजन कपूर) उनकी गर्लफ्रेंड हैं। जयंत की जिंदगी




में तूफान उस वक्त आता है जब ऑर्गेनाइजेशन में काम करने वाली मोनिका (हुमा कुरैशी) प्रेग्नेंट हो जाती हैं और दुर्भाग्य वश राजकुमार राव ही बच्चे के पिता हैं। अब मोनिका उन्हें इसे लेकर ब्लैकमेल करने लग जाती हैं। जिसके बाद शुरू होता है मर्डर का सिलसिला।अभिनय में रामकुमार राव का कोई जोड़ नहीं, बशर्ते कि उन्हें अपना जौहर दिखाने का मौका मिले। तो इस बार उन्हें पूरे अवसर मिले तो फिल्म भी राजकुमार के बेहतरीन अभिनय से चमक उठी। खुद को वेब सीरीज 'महारानी' से साबित कर चुकीं हुमा कुरैशी ने भी अच्छा काम किया है। आकांक्षा रंजन कपूर ने जरूर चौंकाया, उनकी एक्टिंग भी फिल्म में अच्छी रही।सिकंदर खेर ने भी कंपनी के मालिक के बेटे के किरदार में दर्शकों को ध्यान खींचा। सबसे ज्यादा जिसकी चर्चा हो वो हैं गौरव मोरे के किरदार में सुंकात गोयल की। वो जब-जब कहानी में आए हैं उन्होंने अपनी स्क्रीन प्रेजेंस से कमाल किया है। फिल्म के सेकेंड पार्ट में राधिका आप्टे की दमदार एंट्री होती है। 'मोनिका ओ माय डार्लिंग' में उन्हें एसीपी नायडू की भूमिका मिली है जिसके साथ उन्होंने पूरा न्याय किया है।'मोनिका ओ माय डार्लिंग' में हर किरदार को पूरा स्पेस दिया गया है। कई सीन्स में आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे तो कुछ सीन ऐसे हैं जहां आप अपनी हंसी कंट्रोल नहीं कर सकते। फिल्म में एक बार में समझ ही नहीं पाएंगे कि कौन अच्छा है या कौन बुरा? इसे आप डायरेक्टर वासन बाला का टैलेंट कह सकते हैं कि उन्होंने ऐसी मर्डर मिस्ट्री बनाई है जिसमें कातिल कौन है, ये शुरू से पता होता है फिर भी आप इसे अंत तक देखेंगे और वही थ्रिल बरकरार रहेगा।साल 1971 की सुपरहिट फिल्म 'कारवां' के गाने 'मोनिका ओ माय डार्लिंग' का फिल्म में बार-बार आना इसके पेस को और बढ़ा देते हैं, ये आपको हिन्दी फिल्म इंडस्ट्री के रेट्रो युग में लेकर जाएगा। इसके अलावा फिल्म के दूसरे गाने के कमाल के हैं। अंचित कौर का गाना, 'ये एक जिंदगी काफी नहीं है'इसके साथ ही 'लव यू सो मच आई वाना किल यू' काफी बेहतरीन है।कलाकारः हुमा कुरैशी , राजकुमार राव , राधिका आप्टे , भगवती पेरमल , आकांक्षा रंजन कपूर , सुकांत गोयल , जैन मेरी खान और सिकंदर खेर

# श्रीजिता डे और मान्या सिंह के रूप में दो ही एलिमिनेशन हुए

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** बिग बॉस 16 को शुरू हुए एक महीने से ज्यादा हो चुके हैं और अब तक घर से श्रीजिता डे और मान्या सिंह के रूप में दो ही के लेटेस्ट प्रोमो में दिखाया गया कि प्रियंका चाहर चौधरी का सफर इस शो से खत्म हो गया। सलमान खान ने बताया कि उन्हें घर में सबसे कम वोट मिले हैं। हालांकि अब तक प्रियंका सुम्बुल तौकीर खान और गोरी नागोरी नॉमिनेटेड थीं। कुछ लोग कयास लगा रहे हैं कि ये सब फेक हो रहा है। तो वहीं कुछ का मानना है कि इस बार प्रियंका को घर से बाहर नहीं किया



एलिमिनेशन हुए हैं। पिछले दो हफ्तों से तो कोई भी घर से बेघर नहीं हुआ है। इस बार प्रबल उम्मीद है कि कोई न कोई तो शो से बाहर जाएगा ही। हालांकि अर्चना गौतम को शिव ठाकरे पर हाथ उठाने के जुर्म में बीबी 16 हाउस से बाहर कर दिया गया है लेकिन खबरें हैं कि शनिवार का वार में उन्हें सलमान खान वापस लेकर आएंगे। फिर वो कौन है जो आज बाहर होगा कलर्स को बिग बॉस 16 का सबसे स्ट्रॉन्ग प्लेयर माना जा रहा है। ऐसे में दर्शक भी हैरान हैं कि ये हुआ तो हुआ कैसे प्रोमो में सलमान खान अंकित से पूछते हैं कि आपको कैसा लग रहा है। अंकित जवाब देते हैं, 'मुझे लग रहा है कि मेरी गलती है, प्रियंका मेरी वजह से शो से बाहर जा रही है।' प्रियंका भी बाकी घरवालों के गले लगकर रोती दिखाई दे रही हैं। बता दें कि इस हफ्ते घर से बेघर होने के लिए प्रियंका चाहर चौधरी, जा रहा बल्कि उन्हें सीक्रेट रूम में रखा जाएगा। जैसा कि पिछले सीजन्स में कई बार देखने को मिला है। प्रियंका जब से घर में आई हैं काफी मजबूती से अपना पक्ष रखती हैं। हालांकि उनपर कभी-कभी बेवजह लड़ाई झगड़े करने का भी आरोप लगता है लेकिन वो इस बार की सबसे स्ट्रॉन्ग खिलाड़ी मानी जा रही हैं, तो उनको एलिमिनेट करने का रिस्क शो के मेकर्स कतई नहीं लेगें।

# कभी अपने असली नाम की वजह से परेशान थीं माला सिन्हा, फिल्मों में आने के बाद रखा ये नाम और हुईं हिट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** 'आपकी नजरों ने समझा, प्यार के काबिल मुझे' ये गाना आज भी लोगों के ओल्ड इज गोल्ड सॉन्ग की लिस्ट में जरूर होगा। इस गाने के बोल की तरह ही इसकी अदाकारा भी अपनी खूबसूरती के लिए



जानी जाती थीं। हम बात कर रहे हैं हिंदी सिनेमा की दिग्गज अदाकारा माला सिन्हा की। माला सिन्हा ने उन अभिनेत्रियों की लिस्ट में जो अपनी प्रोफेशनल लाइफ से कहीं ज्यादा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रही हैं। माला सिन्हा के असली नाम के पीछे भी एक दिलचस्प किस्सा है। आज हम आपको एक्ट्रेस के असली नाम के साथ उनकी लाइफ से जुड़ी कई अनसुनी बातें बताने जा रहे हैं। 60 के दशक की बेहतरीन अदाकारा माला सिन्हा एक्टिंग के साथ-साथ संगीत के लिए भी जुनूनी थीं। एक्टिंग के लिए माला सिन्हा को अपनी संगीत प्रेम को छोड़ना पड़ा था। आपको बता दें कि आज जिस एक्ट्रेस को पूरी दुनिया माला सिन्हा के नाम से जानते हैं, उनका असली नाम कुछ और ही था। माला सिन्हा का असली नाम आल्डा सिन्हा है। स्कूल में उन्हें बच्चे आल्डा की जगह डाल्डा कहकर चिढ़ाया करते थे। इसी वजह से उन्होंने अपना नाम आल्डा से माला में बदल दिया। यही नहीं जब उन्होंने फिल्मों में एंट्री की थी तब उन्होंने अपना नाम बेबी नज्मा रखा था, लेकिन जब वो बड़ी हुईं और बतौर लीड अभिनेत्री काम शुरू किया तब उन्होंने अपना नाम माला सिन्हा रख लिया। इसी नाम से वो पूरी दुनिया में फेमस हुईं। माला सिन्हा ने अपने करियर में कई सुपरहिट फिल्में दी हैं। इन फिल्मों में बादशाह, हेलमेट, प्यासा, नया जमाना, एक गांव की कहानी, चंदन, फिर सुबह होगी, परवरिश, उजाला से लेकर मैं नशा में हूं जैसी ढेरों फिल्में शामिल हैं। उन्होंने अपने करियर में धर्मेंद्र, मनोज कुमार, संजय खान, राजेश खन्ना से लेकर अमिताभ बच्चन संग काम किया। करीब 40 साल उन्होंने इंडस्ट्री पर राज किया और आजकल वह सिनेमा-गॉसिप्स से कोसों दूर हैं।

# केविन कॉनरॉय का 66 साल की उम्र में निधन, बैटमैन के किरदार में अपनी आवाज से डाली थी जान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** एनिमेटेड सीरीज में बैटमैन के किरदार की आवाज बनने वाले एक्टर और वॉइस आर्टिस्ट केविन कॉनरॉय का 66 साल की उम्र में निधन हो गया । एक्टर के निधन की जानकारी केविन के साथ बैटमैनः द एनिमेटेड सीरीज में काम करने वाले को-स्टार डायने पर्सिंग ने दी ।



इस खबर को वार्नर ब्रदर्स एनिमेशन द्वारा भी कंफर्म किया गया । रिपोर्ट्स की मानें तो केविन कॉनरॉय एक लम्बे समय से कैंसर जैसी बीमारी से लड़ रहे हैं । एक्टर के निधन के बाद वार्नर ब्रदर्स द्वारा एक स्टेटमेंट भी जारी किया गया, जिसमें केविन के निधन पर उन्होंने अपना दुःख व्यक्त किया। वार्नर ब्रदर्स द्वारा जारी किए गए स्टेटमेंट में मार्क हैमिल, जिन्होंने कई प्रोजेक्ट में बैटमैन के किरदार के अपोजिट जोकर के कैरेक्टर के लिए अपनी आवाज दी थी, उन्होंने एक्टर के निधन पर शोक जाहिर करते हुए कहा, ' केविन एक परफेक्शनिस्ट थे। वह इस धरती पर मेरे पसंदीदा इन्सान थे, और मैं उनसे भाई की तरह बात करता था। वह अपने आसपास के लोगों की बहुत ही केयर करते थे। वह जो भी करते थे उसमें उनकी सच्चाई नजर आती थी। जब भी मैं उन्हें देखता था या फिर उनसे बात करता था, तो मेरे अन्दर एक अलग ही जोश भर जाता था'। मार्क हैमिल के अलावा बैटमैनः द एनिमेटेड सीरीज के राइटर पॉल दिनी ने भी बैटमैन की एक तस्वीर शेयर करते हुए एक्टर को श्रद्धांजलि अर्पित की। केविन कॉनरॉय ने अपने करियर की शुरुआत 80 के दशक में लाइव एक्शन एक्टर के तौर पर की थी। थिएटर वर्ल्ड की तरह रुख करने से पहले उनका शो ओपेरा अनदर वर्ल्ड में हुआ था। साल 1992 में उन्होंने पहली बार अपनी वॉइस दी थी, जिसके बाद उन्होंने फेमस सीरीज बैटमैन के लिए अपनी आवाज दी। बैटमैनः द एनिमेटेड सीरीज ने उन्हें ब्रूस वायने उर्फ बैटमैन के रूप में खूब पॉपुलैरिटी दिलाई। बैटमैन से जुड़े कलाकारों के अलावा अन्य स्टार्स ने भी उन्हें सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# रणवीर सिंह ने खुद को बताया सबसे 'खराब सिंगर', मारकेश फिल्म फेस्टिवल में मचाई धूम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह को इस साल मारकेश इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के 19वें एडिशन में एटोइल डीओर अवॉर्ड से



नवाजा गया। इससे पहले ये सम्मान बॉलीवुड के सुपरस्टार अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान और आमिर खान को दी जा चुका है। इस फंक्शन में रणवीर सिंह ने अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई और सारी लाइमलाइट चुरा ली। रणवीर सिंह ने लूटी महफिल रणवीर सिंह ने अपने पॉपुलर सॉन्ग 'मल्हारी' पर पूरी एनर्जी के साथ डांस करते हुए इस अवॉर्ड शो में एंट्री मारी। लोगों की निगाहें उनपर टिक गईं। उनके साथ मौजूद दर्शक भी झूमने लगे। हालांकि रणवीर ने खुद को सबसे 'खराब सिंगर' बताया और कहा कि सुसान रॉड्रिक्स ने ही उन्हें ऐसा कहा है।उन्होंने कहा, 'मैं दुनिया का सबसे खराब सिंगर हूं। तुम्हें पता है, मेरी प्यारी सुसान, जो मुझे इतने सालों से जानती हैष्ठ। हर बार जब मैं सुसान से कहता हूं कि मुझे गाना है, तो वह बस अपने कान बंद कर लेती है। वह कहती हैं, 'रणवीर, आप इस भ्रम में न रहें कि आप काफी अच्छा गा सकते हैं। सच्चाई ये है कि, आपको सिर्फ रैप ही गाना चाहिए और आप डांस करना जानते हैं। रणवीर ने आगे कहा कि इसलिए, मुझे अपने डांसिंग मूव्स पर पूरा भरोसा है।'मीडिया ने जब रणवीर से पूछा कि अफ्रीका में भारतीय सिनेमा का प्रतिनिधित्व करने के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा, ठमुझे कहना होगा कि यह जबरदस्त है। मुझे लगता है कि यह भारतीय सिनेमा की ताकत का प्रमाण है। यह जिओग्राफिकल बाउंड्री सो तोड़ने जैसा है और बेहद खूबसूरत है। मुझे लगता है कि भारतीय सिनेमा का हिस्सा बनने का मौका पाकर मैं बहुत आभारी हूं। मैं इस समय बहुत गर्व महसूस कर रहा हूं।स्पीच में कही खास बातें बता दें कि रणवीर सिंह को जैसे ही मारकेश फिल्म फेस्टिवल में एटोइल डीओर ट्रॉफी से नवाजा गया उन्होंने अपनी स्पीच में कुछ खास कहा। रणबीर बोले- यह सबसे काला दौर है। जब मैं अपने आसपास की दुनिया को देखता हूं, तो मुझे हर तरह का दर्द और पीड़ा दिखाई देती है। इसके साथ ही साल 2012 में, इसने भारतीय सिनेमा के 100 वर्षों को चिह्नित करने के लिए एक विशेष साइडबार भी चलाया था।

# शाह रुख ने कहा- बच्चों की परवरिश देख मेरे पेरेंट्स को गर्व होगा, यंगस्टर्स को दी यह एडवाइस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।**बॉलीवुड इंडस्ट्री के किंग कहे जाने वाले शाह रुख खान की खूब पसंद किया गया है। फैंस से मिल रहे प्यार से शाह रुख काफी खुश हैं और उनकी यह खुशी अब



कामयाबी को छू पाना हर किसी के बस की बात नहीं है। उन्हें इंडस्ट्री में 25 साल से ज्यादा हो गए हैं और पहली फिल्म से लेकर अब तक उनका स्टारडम टस से मस नहीं हुआ है। इस महीने की शुरुआत में (2 नवंबर) को शाह रुख ने अपना 57वं जन्मदिन मनाया। देश के अलग-अलग कोने से फैंस उन्हें बर्थ डे विश करने आए थे। जन्मदिन के दिन ही 'पठान' का टीजर लॉन्च हुआ। इस टीजर को दोगुनी हो गई है। सिनेमा में अपने योगदान के लिए उन्हें ग्लोबल ऑइकन ऑफ सिनेमा और कल्चरल नरेटिव अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।यूएई के शारजाह में एक्सपो सेंटर में शारजाह इंटरनेशनल बुक फेयर 2022 के 41वें एडिशन में भाग लेने पर शाह रुख को एक दन पहले ग्लोबल आइकन ऑफ सिनेमा एंड कल्चरल नरेटिव अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कई लोगों ने भाग लिया। इस दौरान शाह रुख ने कई सवालों के जवाब दिए, जिनमें से एक का जवाब उनके अपने बच्चों की परवरिश से जुड़ा था।दरअसल, शाह रुख से जब पूछा गया कि उन्हें क्या लगता है कि अगर उनके पेरेंट्स को उनकी कामयाबी और लोगों से मिलने वाले प्यार पर कुछ कहना हो, तो वह क्या कहेंगे। शाह रुख ने मजेदार जवाब देते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि मेरी मां कहेंगी कि तुम बहुत पतले हो गए हो। थोड़ा सा वजन बढ़ा लो। कैसा तुम्हारा मुंह हो गया है अंदर-अंदर, तो थोड़ा सा कुछ खाओ।' इसके बाद किंग खान ने बताया कि उनके माता और पिता दोनों ही इस बात से खुश होंगे कि कैसे उन्होंने आर्यन, सुहाना और अबराम की परवरिश की है।शाह रुख ने आज की जेनरेशन को भी कुछ पीस ऑफ एडवाइस दिया। उन्होंने यूथ के लिए कहा कि एक कामयाब जिंदगी जीने के लिए साफ दिल का होगा बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिंदगी में काफी सारे उतार-चढ़ाव आएंगे, उसके लिए खुद को मजबूत रखना और साफ दिल का बने रहना जरूरी है।

# अमिताभ बच्चन की 'ऊंचाई' को मिली धांसू ओपनिंग, पहले दिन कमाए इतने करोड़

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।**'हम आपके हैं कौन' और 'विवाह' जैसी फैमिली ड्रामा देने वाले सूरज बड़जात्या अपनी नई पेशकश 'ऊंचाई' लेकर आए हैं। फिल्म इसी पहले दिन की बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट सामने आ चुकी है। तो चलिए देखते हैं कि 'ऊंचाई' लोगों की उम्मीदों पर खरी उतरी की नहीं। राजश्री प्रोडक्शन की फिल्मों का अपना एक फ्लेवर होता




शुक्रवार सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म में अमिताभ बच्चन, अनुपम खेर, बोमन ईरानी,डेनी डेंजोंगप्पा, नीना गुप्ता और सारिका जैसे दिग्गज कलाकार हैं। दोस्ती में एक दूसरे पर मर मिटने के जज्बे पर बनी इस फिल्म को दर्शक पसंद कर रहे हैं। इसके है। वो हर फिल्म को किसी न किसी मैसेज के साथ बनाते हैं। इस बार 'ऊंचाई' में दिग्गज कलाकारों को लेकर उन्होंने दोस्ती की नई परिभाषा रची, जो दर्शकों के दिलों को छू गई। फिल्म में कॉमेडी है, ड्रामा है और है खूब सारा इमोशन। इसका पहले दिन का कलेक्शन भी ठीक ठाक रहा है। देशभर में करीब 500 स्क्रीन्स पर रिलीज की गई ऊंचाई को पहले दिन दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म ने ओपनिंग डे पर 1.65 से लेकर 2.05 करोड़ के बीच का बिजनेस किया है (ये आंकड़े शुरुआती हैं इनमें फेरबदल संभव है)। इतनी कम स्क्रीन के बावजूद फिल्म ने अच्छा प्रदर्शन किया है। छा गए अमिताभ बच्चन 'ऊंचाई' के पहले दिन के कलेक्शन को देखकर ये कहना गलत नहीं होगा कि इस फिल्म की कमाई अमिताभ बच्चन के कोरोना काल के बाद रिलीज हुई किसी भी दूसरी फिल्म से अच्छा है। 'ब्रह्मास्त्र' को छोड़कर, इस फिल्म में अमिताभ बच्चन लीड रोल में नहीं थे जबकि 'ऊंचाई' में वो पूरी तरह से छा गए हैं।राजश्री के बैनर तले बनी इस फिल्म से उम्मीद की जा रही है कि ये शनिवार को और अच्छा बिजनेस करेगी। हालांकि 'ऊंचाई' को सामंथा रुथ प्रभु की यशोदा, हॉलीवुड एक्शन फिल्म ब्लैक पैंथर 2 से कड़ी टक्कर मिल रही है।

# गंगूबाई' याद है आपको 22 किलो वजन घटाकर इतनी अलग दिखने लगीं है एक्ट्रेस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** टीवी इंडस्ट्री की चर्चित 'गंगूबाई' याद है आपको? वही जो 'कॉमेडी सर्कस' में आया करती थी। जिसने 'गंगूबाई' के अलावा 'शकील', 'टुक-टुक' जैसे क्यूट वर्जन का भी रोल प्ले किया और रातोंरात सुर्खियों में आ गई। हम बात कर रहे हैं सलोनी दैनी की। अपनी परफेक्ट कॉमिक टाइमिंग से सलोनी ने छोटी सी उम्र में सबका दिल जीत लिया था। अब में सलोनी का फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन अद्भुत दिख रहा है। आठ महीनों में सलोनी ने 22 किलो वजन कम किया है। ई-टाइम्स को दिए इंटरव्यू में सलोनी ने बताया कि पहले लोग उन्हें बॉडी शेम किया करते थे। कोई कहता था कितना खाओगी फट जाओगी, तो कोई उन्हें मोटी है कहकर चिढ़ाता था। सलोनी भी इन कमेंट्स को पढ़कर मायूस हो जाया करती थीं। लेकिन उन्होंने खुद पर काम किया। सलोनी



यह छोटी बच्ची बहुत बड़ी हो गई है और आजकल अपने नए प्रोजेक्ट को लेकर सुर्खियों में है। सोशल मीडिया पर सलोनी की लेटेस्ट फोटोज कमाल की हैं। टीवी पर दिखने वाली छोटी सी बच्ची अब इतनी सुंदर हो गई है, कि उनका ट्रांसफॉरमेशन देखने लायक है। सलोनी दैनी ने ग्लैमर की दुनिया में आगे बढ़ने और खुद को फिट रखने के लिए अपनी हेल्थ पर खूब मेहनत की है। सलोनी फिटनेस एंथुसिएस्ट हैं। हेल्थ को मेंटेन करने के लिए वह जिम जाती हैं और हेल्दी खाना खाती हैं। यही कारण है कि लेटेस्ट फोटोज जो पहले 80 किलो की हुआ करती थीं, उन्होंने 22 किलो वजन घटाया है। सलोनी ने सतीश कौशिक के साथ एक तस्वीर शेयर की है। वायरल तस्वीर में सतीश कौशिक किसी बाबा के भेष में दिख रहे हैं, जैसे वह किसी फिल्म के कैरेक्टर के लिए इस तरह तैयार हुए हों। इस फोटो को शेयर करते हुए सलोनी ने यह जानकारी भी दी इस लेजेंड के साथ कुछ नया आने वाला है। सलोनी को बड़े पर्दे पर देखने के लिए उनके फैंसा एक्साइटेड हैं।

# नोरा फतेही के गले लगकर फूट फूटकर रोई फैन, लोगों ने इस कारण से एक्ट्रेस को किया ट्रोल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** नोरा फतेही ने बहुत ही कम समय में अपने डांस के बलबूते ने हाल ही में नोरा फतेही का एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इस वीडियो में नोरा फतेही की से वह ट्रोल्स के निशाने पर भी आ गईं। सोशल मीडिया पर नोरा फतेही के फैन के प्रति इस प्यार भरे जेश्चर



पर बॉलीवुड इंडस्ट्री में अपनी एक खास जगह बनाई है। भले ही एक्टिंग की दुनिया में नोरा का जादू न चलता हो, लेकिन बॉलीवुड की बड़ी-बड़ी फिल्में नोरा के स्पेशल डांस नंबर के बिना अधूरी हैं। नोरा ने हाल ही में अजय देवगन और सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म 'थैंक गॉड' में एक स्पेशल मानिके गाना किया था। हाल ही में एक्ट्रेस का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, इस वीडियो में एक फैन नोरा के गले लगकर जोर-जोर से रोते हुए नजर आ रही है। सेलिब्रिटी फोटोग्राफर विरल भयानी एक फैन उनसे मिलने के लिए झलक दिखला जा 10 के सेट के बाहर पहुंची। नोरा फतेही को देखकर वह फैन फफक-फफक कर रोने लगी, जिसके बाद एक्ट्रेस ने अपनी इस गर्ल फैन को गले लगा लिया और उनसे उनका नाम पूछा। इसके बाद नोरा ने स्वीट जेस्चर दिखाते हुए वैनिटी वैन के बाहर खड़े होकर ही अपनी फैन के माथे पर प्यार से किस किया और साथ ही खड़े होकर अपनी प्रशंसक से ढेर सारी बातें की। नोरा का ये जेश्चर कुछ फैंस को काफी पसंद आया, लेकिन इस कारण की वजह के लिए लोगों की मिली जुली प्रतिक्रिया सामने आ रही है। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'ये सेट पर तो इतना फूट-फूटकर रोते हैं, अब एक फैन इनके सामने रो रहा है, तो उनकी आंखों में एक आंसू भी नहीं है'। कुछ यूजर्स तो फैन के आंसूओं को ही नकली बताते हुए नजर आए और उनका मज़ाक उड़ाया। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'ये बहुत अच्छा है, लेकिन मैं ये जानना चाहता हूं कि इतना ज्यादा किसे रोना आता है'। दूसरे यूजर ने लिखा, 'वाह क्या एक्टिंग है, वाह क्या एक्टिंग है'।

# करा रही हैं कीमोथेरेपी, बाल्ड मॉडल बनने के लिए तैयार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** एक्ट्रेस रोजलीन खान ने जानकारी दी है कि उन्हें कैंसर हो गया है। उन्होंने अस्पताल से अपनी एक तस्वीर शेयर की है। इसके साथ



उन्होंने ऐसे ब्रांड से काम के लिए निवेदन किया है जो उन्हें बाल्ड मॉडल बनाने के लिए तैयार है। पेटा के लिए फोटोशूट कराकर फेमस हुई रोजलीन खान ने इंस्टाग्राम पर जानकारी दी है कि उन्हें कैंसर हो गया है। अब उन्होंने मुंबई के एक अस्पताल से इलाज कराने के दौरान की तस्वीरें शेयर की है। उन्होंने यह भी कहा कि वह इन दिनों कीमोथेरेपी करा रही हैं और ऐसा वह अगले 7 महीनों तक करने वाली है। रोजलीन खान कहती हैं, 'बाल्ड मॉडल के साथ काम करने के लिए आपको साहस की जरूरत है।रोजलीन खान ने एक लंबा नोट भी लिखा है। वह कहती हैं, 'भगवान अपनी सबसे कठिन लड़ाई अपने सबसे मजबूत योद्धाओं को देता है। यह मेरे जीवन का एक चैप्टर हो सकता है। मैं आशा और विश्वास रख रही हूं। हर सेटबैक मुझे मजबूत बनाता है। यह भी ऐसा ही करेगा। मेरे पास कई ऐसे लोग हैं जो मेरे लिए प्रार्थना कर रहे हैं। जो होता है अच्छे के लिए होता है और वो अच्छा मैं हूं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा
श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि.
1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं एम2ए/25एडीए कालोनी नैनी प्रयागराज 211008 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादकः-डा. दीपक अरोरा
मो0न0 09415608783
RNI No. UPHIN/2012/41154
डाक पंजीयन नं. 99/2021-23
website:www.adhuniksamachar.com
नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।